दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण:टोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 /// कदम बढ़ाये, सच के साथ ///
वर्ष : 12 | अंक : 217 टोंक | सोमवार,14 अप्रैल, 2025 | बैशाख, कृष्ण पक्ष प्रतिपदा संवत्-2082 | भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52026 | मूल्य : ₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

### मरम्मत नहीं होने से वाहन चालकों ने नगर परिषद में खड़े किए
## ऑटो टिपर 'बीमार', कचरा संग्रहण में हो रही परेशानी
### कुल वाहन 22, 4 कंडम, 10 सर्विस वेटिंग में

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** शहर की नगर परिषद में स्थाई सभापति नहीं होने का खामियाजा अब कचरा उठाने वाले नगर परिषद के वाहनों को झेलना पड़ रहा है यही वजह है कि अधिकांश वाहन इन दिनों बीमार है। अधिकांश वाहनों में कोई न कोई कमी होने से इनका संचालन नहीं हो पा रहा है। परेशान वाहन चालकों ने ये वाहन नगर परिषद में खड़े कर दिए हैं। इसके चलते घर-घर कचरा संग्रहण का कार्य प्रभावित हो रहा है, जिसका खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

जानकारी के अनुसार नगर परिषद के पास इन दिनों कचरा उठाने के लिए कुल 22 वाहन हैं। इनमें से चार वाहन पूरी तरह खराब होकर नगर परिषद में खड़े कर दिए गए हैं, जबकि करीब 10 से अधिक वाहनों को मरमत सहित सर्विस का इंतजार है। इनमें किसी में बैट्री की समस्या तो किसी के दरवाजे नहीं खुलने से लेकर इंजन के ऑयल उठाने सहित अन्य कमियां है। मरमत एवं सर्विस के अभाव में इनको भी संचालित करने में परेशानी आ रही है।



**मरम्मत के अभाव में कंडम हो सकते हैं वाहन :** कई वाहन तो वर्तमान में उस स्थिति में हैं कि उनकी समय पर मरमत नहीं होने से उनमें अधिक खराबी हो सकती है। इनमें जो वाहन ऑयल उठा रहे हैं अथवा जिनके साइलेंसर खराब है या समय पर सर्विस नहीं हो रही है। इनकी समय पर मरम्मत नहीं होने से इनमें अधिक खर्चा आएगा।

**चालकों को नहीं मिला भुगतान :** कचरा संग्रहण करने वाले वाहन के चालक जहां एक तरफ वाहनों की मरमत नहीं होने से इनकी समस्या से जूझ रहे हैं। वहीं इन्हें पिछले करीब तीन माह से भुगतान तक नहीं मिला है।

**इन वाहनों में ये है परेशानी :**
- नगर परिषद के पावर ट्रैक्टर में बैट्री चोरी हो जाने के बाद से पिछले पांच माह से बैट्री नहीं है। इसमें नई बैट्री डाली जानी है।
- शहर के बजरिया, सब्जी मंडी से कचरा एकत्रित करने वाला ट्रैक्टर सोनालिका नंबर 01 की सर्विस होनी है। समय पर सर्विस के अभाव में अन्य नुकसान हो सकता है।
- ऑटो टिपर संख्या आरजे 25, जीए 3831 में दो टायर खराब है। इसका मैन शीशा एवं बॉडी की मरमत का कार्य होना है।
- ऑटो टिपर संख्या आरजे 25, जीए 3107 में बैट्री खराब होने से वाहन को धक्का देकर स्टार्ट करना पड़ता है, जिससे कचरा संग्रहण प्रभावित हो रहा है।
- ऑटो टिपर संख्या आरजे 25, जीए 2993 का इंजन कार्य नहीं होने से यह ऑयल उठा रहा है। वाहन के दो टायर भी खराब हो गए हैं। साथ ही बैटरी खराब होने सहित पंप का कार्य होना है।
- ऑटो टिपर संख्या आरजे 25, जीए 3392 का फाटक खराब होने से यह खुलता नहीं है। साथ ही इसके दो टायर सहित सेल्फ खराब है, जिससे इसके संचालन में भी परेशानी आ रही है।
- ऑटो टिपर संख्या आरजे 25, जीए 5004 में भी टायर सहित क्लच प्लेट खराब है। इसकी भी सर्विस नहीं होने से इसे चलाने में दिक्कत आ रही है।

**ठीक कराया जाएगा :** इस बारे में नगर परिषद प्रशासन का कहना है कि जो भी वाहन खराब पड़े हैं। उनको ठीक कराया जाएगा। साथ ही जिनका भुगतान बकाया है, उनको भुगतान कराया जाएगा।



## सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल संचालन के लिए हुआ समितियो का गठन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा उपखण्ड की धार्मिक नगरी डिग्गी स्थित जाट धर्मशाला में रविवार को 22वें जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन की आवश्यक बैठक समिति अध्यक्ष उम्मेदसिंह दगोलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।

बैठक में हुए निर्णयो की जानकारी देते हुए प्रवक्ता मुकेश खादवाल ने बताया कि समिति के तत्वावधान में 1 मई को आयोजित होने वाले 22वें जाट समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन के सफल संचालन को लेकर विभिन्न समितियों का गठन कर प्रभारी बनाए जाकर कार्यो का बटवारा किया गया। इसकें अलावा बैठक में सामूहिक विवाह सम्मेलन के लिए अब तक पंजीबद्ध हुए 13 जोड़ो की समीक्षा करने के साथ साथ समिति की ओर से निर्धारित 101 जोड़ों के लक्ष्य की पूर्ति के लिए सामाजिक एकता का प्रदर्शन कर लक्ष्य पूर्ण करने की सहमति बनी। साथ ही आगामी बैठक 20 अप्रैल को रखे जाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संयोजक रामलाल बगड़िया, पूर्व अध्यक्ष छीतरलाल ताखर, जगदीश टांडी, प्रो.कुम्भाराम चौधरी, उपाध्ण्यक्ष श्रीलाल सांडीवाल, सत्यनारायण जानू, लालचन्द महूल्या, राजेश भारी, बजरंगलाल कूंडरवाल, महामंत्री रामकरण बुगालिया, कोषाध्यक्ष चौथमल नागा, मंत्री रामकिशन मुंडवाडिया, प्रचार मंत्री रामधन नासण, सह संयोजक गोपाल मुवाल, हीरालाल बुगालिया, सत्यनारायण सरूड़िया, बद्रीलाल दगोलिया, शंकर हुड़डा, हेमराज देवपुरा सहित अन्य कई समाजबंधु मौजुद रहे।

## सविंधान निर्माता बाबा साहेब अम्बेडकर की 134वीं जयन्ती आज
### निकलेगी वाहन रैली, बस स्टेण्ड पर होगा जयन्ती समारोह का आयोजन, मुख्य अतिथि जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी होगें

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अम्बेडकर विचार मंच मालपुरा के तत्वावधान में सोमवार 14 अप्रैल को संविधान निर्माता भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 134वीं जयन्तीह धूमधाम से मनाई जाएगी। मंय अध्यक्ष गजेन्द्र बोहरा ने बताया कि सोमवार को सुबह 8 बजे शास्त्री नगर स्थित अम्बेडकर भवन से विशाल एवं वाहन रैली रवाना होगी। यह रैली शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर बस स्टेण्ड स्थित बैरवा धर्मशाला पहुंच कर समाप्त होगी। जयन्ती समारोह संयोजक नोरतमल वर्मा ने बताया कि प्रात: 11 बजे बस स्टेण्ड पर बैरवा धर्मशाला के सामने स्थित अम्बेडकर सर्किल पर जयन्ती समारोह का आयोजन किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी होगें। समारोह की अध्यक्षता वचिंत वर्ग के प्रदेशाध्यक्ष विकास नरवाल करेगें। वहीं समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी, एएसपी मोटाराम बेनीवाल, तहसीलदार पवन कुमार मातवा, पुलिस उप अधीक्षक आशिष प्रजापत, प्रधान सकराम चौपड़ा, डीआर किशनलाल बैरवा व नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी व कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष गोगाराम जाट मौजुद रहेगें।

## वार्डो के सीमांकन को लेकर आपत्ति दर्ज करवाने के मात्र चार दिन शेष
### अब तक नहीं हुई एक भी आपत्ति दर्ज, अब नगरपालिका मालपुरा के लिए चालीस वार्डो के गठन का है प्रस्ताव

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** नगरपालिका मालपुरा के सीमा विस्तार के बाद कुल 51 हजार 557 की आबादी पर 40 वार्ड निर्धारित कर 17 अप्रैल तक आपत्तियां मांगी गई है। जिला कलक्टर टोंक की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया कि स्वायत शासन विभाग की ओर ने अधिसूचना जारी कर नगरपालिका मालपुरा की सीमा विस्तार किया था। इस विस्तार के बाद वार्डो की सीमाओं का गठन का कार्य कर पूर्ण किया गया। नए वार्डो की सीमा निर्धारण के बाद वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार कुल 51 हजार 557 की जनसंख्या पर 40 वार्ड तय कर वार्डो की सीमाऐं निर्धारित कर दी गई। साथ ही निर्धारित वार्डो की सीमाओं के निर्धारित प्रपत्र को सार्वजनिक स्थानो पर चस्पा कर 17 अप्रैल तक आपत्तियां दर्ज करने का समय निर्धारित किया गया है। नगरपालिका मालपुरा के अब तक 35 वार्डो के स्थान पर 40 वार्ड हो गए। दावे आपत्ति दर्ज करवाने के अब मात्र चार दिन शेष बचे हैं। अभी तक एक भी आपत्ति या दावा दर्ज नहीं हो सका है। इसमें भी सोमवार का सार्वजनिक अवकाश है इसलिए आपत्ति या दावे मात्र तीन दिन ही प्रस्तुत हो सकेगें।

## अंबेडकर जयंती पर भव्य शोभायात्रा आज शाम को होंगे सांस्कृतिक कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** अंबेडकर जयंती पर सोमवार को भव्य शोभायात्रा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन को किया जाएगा। अंबेडकर विचार मंच के अध्यक्ष कमलेश किराड व महामंत्री हेमराज वर्मा ने बताया कि भीमराव अंबेडकर जयंती पर शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को पहाड़ी चुंगी नाका से सुबह 8 बजे विधायक रामसहाय वर्मा हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। शोभायात्रा में बाबा साहब एवं ज्योतिबा फुले एवं भगवान बुद्ध की रथ में झांकी सजाई जाएगी। शोभायात्रा बैंड बाजे के साथ शहर के मुख्य मार्गो से होते हुए शिवाजी कॉलोनी स्थित अंबेडकर सर्किल पहुंचेगी।

## किसानों के लिए खुशखबर : एक जोड़ी बैल पर 30 हजार रुपए की सब्सिडी देगी सरकार

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान सरकार एक बैल जोड़ी पर किसानों को 30 हजार का अनुदान देगी। मुख्यमंत्री बजट घोषणा 2025-26 में भजनलाल सरकार अब उन किसानों को 30 हजार रुपए प्रति बैल जोड़ी अनुदान देगी, जो बैलों से खेतों की जुताई कर रहे हैं। इस योजना का उद्देश्य लघु एवं सीमांत किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना, खेती को आसान बनाना और ग्रामीण क्षेत्रों की अर्थव्यवस्था को मजबूती देना है।



**जल्द शुरू होगी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया :** बताया जा रहा है कि यह योजना विशेष रूप से उन किसानों के लिए है जो आज भी परंपरागत तरीकों से खेती करते हैं और आधुनिक कृषि यंत्रों को खरीदने में सक्षम नहीं हैं। योजना के लिए इसकी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू की जाएगी।

**कौन से किसान ले सकता हैं लाभ :** योजना का लाभ केवल उन्हें ही मिलेगा जिनके पास दो बैल हों और वह इनका उपयोग खेती कार्य में कर रहे हों। तहसीलदार से प्रमाणित लघु या सीमांत कृषक प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। प्रक्रिया ऑनलाइन रहेगी। आवेदन के साथ किसानों को बैल जोड़ी के साथ स्वयं की फोटो, पशु बीमा पॉलिसी, बैलों का स्वास्थ्य प्रमाण पत्र, शपथ पत्र तथा लघु या सीमांत किसान प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेज अपलोड करने होंगे। वैध आवेदनों की जांच 30 दिनों में पूरी कर ली जाएगी। इसकी स्वीकृति की सूचना किसानों को एसएमएस और पोर्टल के माध्यम से इन उपभोक्ताओं को होगा ज्यादा नुकसान।

**योजना से कितने किसानों को होगा फायदा, जल्द होगा साफ :** कृषि विभाग के दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। जल्द ही आवेदन शुरू होंगे। योजना से कितने किसानों को फायदा होगा, यह आने वाले महीनों में साफ हो पाएगा। फिलहाल, भजनलाल सरकार का यह कदम पारंपरिक खेती को सहारा देने की दिशा में आगे माना जा रहा है।

## समाज शिक्षित होगा तो आगे बढ़ेगा-बाबूलाल जांगिड



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** भगवान विश्वकर्मा मंदिर में रविवार को अखिल भारतीय जांगिड़ ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित हुई। जिसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई।

बैठक में नायब तहसीलदार से तहसीलदार के पद पर पदोन्नत हुए बाबूलाल जांगिड़ रानोली का तहसील अध्यक्ष नारायणलाल जांगिड़, विकास समिति अध्यक्ष रामेश्वरप्रसाद जांगिड, विकास समिति संरक्षक मोहनलाल कारपेंटर, तहसील सभा महामंत्री रामविलास जांगिड़ व भामाशाह राधेश्याम जांगिड़ हरभगतपुरा ने राजस्थानी परंपरानुसार माल्यार्पण एवं साफा बंधवाकर स्वागत किया। मुख्य वक्ता तहसीलदार बाबूलाल जांगिड ने कहा कि समाज शिक्षित होगा तो निश्चित आगे बढ़ेगा। समाज संगठित होकर समाज के निर्धन बालक-बालिकाओं का सहयोग कर आगे बढ़ाए। उन्होंने कहा कि वह माता-पिता, गुरूजनों व समाज के सहयोग से इस तहसीलदार के पद पर पहुंचे है। विकास समिति संरक्षक मोहनलाल कारपेंटर ने कहा कि छात्रावास का निर्माण कार्य प्रगतिशील है इसमें दूर दराज से आने वाले छात्र-छात्राएं शिक्षा अर्जित करेंगे। इस दौरान सत्यनारायण नला, शंभू जुआड़, चौथमल भगवतगढ़, प्रेमप्रकाश खंडवा, विनोद खंडवा, राकेश बहड, लालचंद मंडालीया, विष्णु मनोहरपुरा, मनीष बहकवा व रामकेदार प्याऊडी सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

## जमात में भव्य सुंदरकांड के पाठ का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** पेट्रोल पम्प जमात के मनसा पूर्ण बालाजी मंदिर में श्री बालाजी भक्त मंडली के तत्वावधान में भव्य सुंदरकांड का आयोजन हुआ।

बालाजी भक्त मंडली अध्यक्ष विशाल सैनी जमात ने बताया कि श्री हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान जी महाराज की झांकी फूलों व गजरो से सजाई गई एवं छप्पन भोग लगाया। पंडित पुरुषोत्तम के सानिध्य में महाआरती करके प्रसादी वितरित की। उसके बाद भव्य आतिशबाजी की गई जिसमें योगेश, अनुराग, गौरव, लक्ष्य, अभिषेक, महेश, नवरत्न, मुकेश, अभिषेक, नितेश, राहुल, मनीष, दीपक, आशु, डॉ विष्णु जांगिड़, आदित्य, विपुल, अनिल, निखिल, मोहित व तरुण सहित सैकड़ो बालाजी भक्त मंडली के सदस्य व कई महिलाएं पुरुष व युवा मौजूद थे।

## मुख्य सचिव की फटकार से बाहर निकला आईएएस का सच
### कश्मीर में मना रहे थे छुट्टियां, अब एक्शन की तैयारी

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/करौली ( राकेश शर्मा )।** सीएस सुधांश पंत ने ऑनलाइन मीटिंग के दौरान करौली कलेक्टर को फटकार लगाई! इसके बाद कयास लगाए जा रहे हैं कि उनके खिलाफ एक्शन हो सकता है। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने करौली कलेक्टर नीलाभ सक्सेना की क्लास लगा दी. कलेक्टर सक्सेना कश्मीर से ऑनलाइन बैठक में हिस्सा ले रहे थे. पंत को यह पता चला तो उन्होंने मीटिंग के दौरान फटकार लगाई. उन्होंने कलेक्टर पर नाराजगी जाहिर करते हुए सवाल खड़े किए। दरअसल, कलेक्टर नीलाभ सक्सेना ने होम टाउन जाने की छुट्टी ली थी. वहीं, सीएस सुधांशु पंत ने करौली और सवाई माधोपुर के कलेक्टरों की बैठक बुलाई थी।इस मीटिंग में सक्सेना भी जुड़े, जब उनकी लोकेशन पूछी गई, तो उन्होंने जम्मू-कश्मीर बताया। यह जवाब सुनते ही पंत भड़क गए।



**कलेक्टर के खिलाफ सीएम करेंगे कार्रवाई :** सीएस ने नाराजगी जताते हुए कहा, आपने जरूरी काम से होम टाउन जाने के लिए अवकाश लिया था। यदि आपने कश्मीर ट्रिप की जानकारी पहले दी होती तो छुट्टी रद्द की जा सकती थी। जिले में गर्मी और बिजली-पानी की समस्या के बीच यह गैर-जिम्मेदाराना है। अब इसके बाद माना जा रहा है कि सीएस स्तर पर कार्रवाई हो सकती है।

**आप ठंडी वादियों में छुट्टियों पर चले गए :** पंत ने करौली कलेक्टर के रवैए पर उन्हें जमकर फटकार लगाई. साथ ही उन्होंने कहा, आपके जिले में लोग गर्मी, बिजली-पानी की किल्लत से परेशान हैं, तब आप ठंडी वादियों में छुट्टी पर चले गए हैं? गर्मी और बिजली-पानी की समस्या के बीच यह गैर-जिम्मेदाराना रवैया आपकी प्रशासनिक संवेदनशीलता पर सवाल खड़ा करता है!

## बाघिन रिद्धि के शावकों का बना हुआ है मूवमेंट
## जंगल से निकल रणथम्भौर दुर्ग पर बाघ ने फिर डाला डेरा



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रणथम्भौर दुर्ग पर एक बार फिर बाघिन के शावकों ने डेरा डाल लिया है। वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सुबह करीब दस बजे से बाघिन टी-124 यानि रिद्धि के शावक जंगल से निकलकर रणथम्भौर दुर्ग पर पहुंच गए। शावकों का मूवमेंट देर शाम तक रणथम्भौर दुर्ग पर बगीचे और उसके आसपास के क्षेत्र में ही बना हुआ है। एहतियात के तौर पर वन विभाग की ओर से ट्रेकिंग और मॉनिटरिंग के लिए टीम तैनात की गई है।श्रद्धालुओं को दिया दूसरे रास्ते से प्रवेश- वन अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से इस बार रणथम्भौर दुर्ग में शावकों का मूवमेंट होने के बाद भी विभाग की ओर से श्रद्धालुओं का दुर्ग में प्रवेश बंद नहीं किया है। लेकिन जिस इलाके में शावकों का मूवमेंट था, उस क्षेत्र में वन विभाग की ओर से श्रद्धालुओं को प्रवेश नहीं दिया गया।

## सम्पादकीय

# बांग्लादेश के लिए घातक साबित होगा भारत का कूटनीतिक प्रहार

एक पखवाड़ा पहले बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने जब चीन जाकर राष्ट्रपति शी जिनपिंग को भारत के पूर्वोत्तर राज्यों से सटे लालमोनिरहाट में अपना एयरबेस बनाने का न्योता दिया था तो वे नहीं जानते थे कि वे कितना बड़ा दुःस्साहस कर रहे हैं। उन्होंने डीग हांकते हुए बांग्लादेश को भारत के इन सीमांत राज्यों का 'गार्जियन' (संरक्षक) तक घोषित कर दिया। 26-29 मार्च के बीच चीन यात्रा के दौरान यूनुस ने बीजिंग में डींग हांकी कि नॉर्थ ईस्ट यानी भारत के सात राज्य लैंडलॉक्ड हैं, उनके पास समुद्र तक पहुँचने का रास्ता नहीं है। बांग्लादेश इस पूरे क्षेत्र के लिए समुद्र का एकमात्र संरक्षक है। यह चीन की अर्थव्यवस्था के लिए बड़ा अवसर हो सकता है। इस दुःस्साहस भरे न्यौते से भारत का सतर्क होना स्वाभाविक था। 'सेवन सिस्टर्स' और 'चिकन नेक' के नाम से ख्यात भारत के ये सीमांत राज्य सामरिक दृष्टि से बेहद संवेदनशील हैं। बांग्लादेश का लालमोनिरहाट जिला भारत के सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, इस कारण भारत का चिंतित होना जायज है। भारत के उत्तर-पूर्वी राज्य असम, अरुणाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय, नगालैंड, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम का सामूहिक रूप से बांग्लादेश के साथ 1,596 किमी. लंबी अंतरराष्ट्रीय सीमा, चीन के साथ 1,395 किमी, म्यांमार के साथ 1,640 और भूटान के साथ 455 किमी. तथा नेपाल के साथ 97 किमी सीमा है, लेकिन ये केवल 22 किमी की एक पट्टी के माध्यम से भारत के बाकी हिस्सों से जुड़े हैं, जिसे चिकन नेक कॉरिडोर कहा जाता है। यह बेहद संकरा मार्ग है। इसके दक्षिण में बांग्लादेश और उत्तर में नेपाल, भूटान और चीन हैं। यह करीब 60 किमी. लंबा और 21 किमी. चौड़ा है। चिकन नेक कॉरिडोर ही पूर्वोतर राज्यों को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ता है। काफी संकरा होने के कारण चीन, बांग्लादेश और पाकिस्तान की नज़रें हमेशा से इस पर रही हैं। अगर बांग्लादेश के ज़रिए चीन यहाँ अपनी आर्थिक या सामरिक पकड़ बनाता है तो यह भारत के लिए सुरक्षा ख़तरा बन सकता है। कुछ दिनों की खामोशी के बाद भारत ने मंगलवार आधी रात अचानक बांग्लादेश के लिए 'ट्रांसशिपमेंट' यानी भारत के बंदरगाहों और हवाई अड्डों से कारोबार करने की सुविधा बंद कर उसकी आर्थिक रीढ़ पर जोरदार चोट की है। अंतरराष्ट्रीय जगत में इसे बांग्लादेश पर भारत का बड़ा कूटनीतिक आर्थिक प्रहार माना जा रहा है। भारत ने बांग्लादेश को यह सुविधा तत्कालीन प्रधानमंत्री शेख हसीना के साथ हुए 'ट्रांसशिपमेंट एग्रीमेंट' के तहत एक सर्कुलर से 29 जून 2020 को दी थी। यह सर्कुलर बांग्लादेश से तीसरे देशों को निर्यात कार्गो के ट्रांसशिपमेंट की अनुमति देता था, जो भारतीय बंदरगाहों और हवाई अड्डों के रास्ते भारतीय भूमि का उपयोग करता था, ताकि भूटान, नेपाल और म्यांमार जैसे देशों को बांग्लादेश का व्यापार हो सके। 8 अप्रैल को केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) पुराने सर्कुलर को रद्द कर दिया। थिंक टैंक ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के प्रमुख अजय श्रीवास्तव का कहना है कि नए सर्कुलर के साथ, ट्रांसशिपमेंट व्यवस्था तुरंत प्रभाव से समाप्त कर दी गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने इसकी पुष्टि करते हुए कहा, बांग्लादेश को ट्रांसशिपमेंट सुविधा से भारत के बंदरगाहों व हवाई अड्?डों पर असुविधा होने के साथ भारतीय निर्यात की लागत बढ़ रही थी और समय पर उत्पाद निर्यात करने में देरी होने लगी थी। ऐसे में 8 अप्रैल 2025 से यह सुविधा समाप्त की जा रही है।

दरअसल, पिछले वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार गिराने के बाद से वहां भारत विरोधी गतिविधियां काफी बढ़ गई। हाल ही चीन यात्रा के दौरान युनूस का बयान भारत में चर्चा का विषय बना हुआ था। अब भारत की ओर से जो निर्णय लिया गया है, जिसे कूटनीतिक भाषा में 'काउंटर मूव' कहा जाता है। यूनुस की यह टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब बांग्लादेश की अर्थव्यवस्था संकट में है और वह चीन से निवेश की उम्मीद कर रहा है।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 14 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- फ्रांस के विश्वविख्यात सेंट पीटर कैथेड्रल की 1434 में आधारशिला रखी गई।
- सिखों के दसवें गुरू अर्जुन देव का 1563 में जन्म हुआ।
- औरंगजेब ने 1659 में दिल्ली पर हुकूमत की लड़ाई में दारा को हराया।
- नेपोलियन ने 1809 में हुयी बावारिया की लड़ाई में आस्ट्रिया को शिकस्त दी।
- नेपोलियन को 1814 में राजगद्दी से हटाया गया।
- यूरोपीय देश हंगरी ने 1849 में आस्ट्रिया से स्वतंत्र होने की घोषणा की और लुईस कोसुथ को अपना नेता चुना।
- अमेरिका के 16वें राष्ट्रपति अब्राहम लिंकन को 1865 में आज ही के दिन वाशिंगटन के 'फोर्ड थियटर' में गोली मारकर हत्या हुई।
- भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का 1891 में जन्म हुआ।
- टाइटैनिक जहाज समुद्र में सफर करते समय 1912 में हिमखंड से टकरा कर डूब गया था।
- सन 1944 में मुंबई के बंदरगाह में हथियारों से भरे जहाज में विस्फोट हुआ, 1200 से अधिक मरे।
- भारतरत्न से सम्मानित प्रसिद्ध भारतीय अभियंत्रक एम विश्वेशरैया का 1962 में निधन।
- पहला अंतरिक्ष यान कोलंबिया-1 1981 में वापस धरती पर लौटा।
- तत्कालीन सोवियत संघ, पाकिस्तान, अफगानिस्तान और अमेरिका के बीच 1988 में अफगानिस्तान की संधि पर हस्ताक्षर हुआ।
- भारत चौथी बार 1995 में एशिया कप क्रिकेट चैंपियन बना।
- रूस की संसद ने 2000 में संयुक्त राज्य अमेरिका और रूस के बीच 'स्टार्ट-2' परमाणु शस्त्र कटौती संधि का अनुमोदन किया।
- अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय में मुकदमें का सामना कर रहे सर्बियाई नेता का 2002 में निधन।
- अमेरिकी राष्ट्रपति जार्ज बुश ने 2004 में ईराक को दूसरा वियतनाम न बनने देने की घोषणा की।
- 2005 में भारत और अमेरिका ने अपने-अपने उड़ान क्षेत्र एक-दूसरे की एयरलाइनों के लिए खोलने का समझौता किया।
- चीन में प्रथम बौद्ध विश्व सम्मेलन 2006 को शुरू हुआ।
- पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखंड और बिहार में 2010 को आये चक्रवाती तूफ़ान में लगभग 123 लोगों की मौत हो गयी।

### 14 अप्रैल को जन्म

- सिखों के दसवें गुरू अर्जुन देव का 1563 में जन्म हुआ।
- गुजरात के प्रमुख सार्वजनिक कार्यकर्त्ता प्रभाशंकर पाटनी का 1862 में जन्म हुआ।
- भारतीय संविधान के निर्माता बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर का 1891 में जन्म हुआ।
- स्वाधीनता सेनानी पूरन चन्द जोशी का 1907 में जन्म हुआ।
- हिन्दी फ़िल्मों की प्रसिद्ध पार्श्वगायिका शमशाद बेगम का 1919 में जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

### अंबेडकर जयंतीः एक क्रांति का जन्म, एक सपने का सृजन

# भीमराव अंबेडकर- सपनों से सृजित एक युगपुरुष-एक विचार, एक आंदोलन, एक युग

**1891 में मध्यप्रदेश के महू में एक साधारण परिवार में जन्मे भीमराव का बचपन अभावों, तिरस्कार और सामाजिक बहिष्कार से भरा था। महार जाति से होने के कारण उन्हें उस दौर की क्रूर जातिगत व्यवस्था का शिकार होना पड़ा। स्कूल में उन्हें अलग बैठाया जाता था, पानी पीने के लिए उन्हें दूसरों की कृपा पर निर्भर रहना पड़ता था। लेकिन इन कठिनाइयों ने उनके इरादों को कमजोर नहीं किया। उनकी असाधारण बुद्धि, ज्ञान की प्यास और शिक्षा के प्रति जुनून ने उन्हें न केवल भारत, बल्कि विश्व के शीर्ष शिक्षण संस्थानों तक पहुँचाया। कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स जैसे संस्थानों में उन्होंने अर्थशास्त्र, विधि, समाजशास्त्र और राजनीति जैसे विषयों में गहन अध्ययन किया। उनकी विद्वता ऐसी थी कि अंग्रेजी सरकार से लेकर स्वतंत्र भारत तक, हर व्यवस्था उन्हें अपने लिए अपरिहार्य मानती थी।**



– प्रो. आरके जैन

सपने वहां साकार होते हैं, जो हिम्मत और हौसले से बुने जाते हैं। कल्पना करें, एक ऐसे बच्चे की, जिसे स्कूल के दरवाजे पर अपमान का सामना करना पड़े, जिसे पानी की एक घूँट के लिए दूसरों की दया पर निर्भर रहना पड़े। क्या वह बच्चा हार मान लेता है? नहीं! अगर उसका नाम भीमराव रामजी अंबेडकर हो, तो वह न केवल अपने भाग्य को बदल देता है, बल्कि पूरे समाज की नींव को हिला देता है। 14 अप्रैल, डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती, केवल एक तिथि नहीं, बल्कि उस ज्वाला का उत्सव है, जिसने सदियों की गुलामी और भेदभाव की बेड़ियों को तोड़कर भारत को समता, न्याय और मानवता का मार्ग दिखाया। बाबा साहेब, जैसा कि उन्हें प्रेम और सम्मान से बुलाया जाता है, एक व्यक्ति नहीं, बल्कि एक विचार, एक आंदोलन और एक क्रांति थे, जिन्होंने भारत के सामाजिक ताने-बाने को हमेशा के लिए बदल दिया।

डॉ. अंबेडकर के लिए शिक्षा केवल व्यक्तिगत उन्नति का साधन नहीं थी, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का सबसे शक्तिशाली हथियार थी। उनका प्रसिद्ध कथन-शिक्षित बनो, संगठित रहो और संघर्ष करो-आज भी वंचित वर्गों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने शिक्षा को सामाजिक उत्थान का आधार बनाया और इसके प्रसार के लिए कई संस्थानों की स्थापना की। उनका मानना था कि जब तक समाज का अंतिम व्यक्ति शिक्षित और सशक्त नहीं होगा, तब तक समानता और न्याय का सपना अधूरा रहेगा। यही कारण था कि उन्होंने दलितों और वंचितों को शिक्षा के महत्व को समझाने के लिए अनगिनत प्रयास किए। वे कहते थे कि शिक्षा वह ताकत है, जो मनुष्य को अपनी नियति खुद लिखने की शक्ति देती है। बाबा साहेब का सामाजिक संघर्ष केवल अधिकारों की माँग तक सीमित नहीं था, यह समाज की चेतना को जागृत करने की ऐतिहासिक लड़ाई थी। 1927 का महाड़ सत्याग्रह इसका जीवंत उदाहरण है, जब उन्होंने दलितों के लिए सार्वजनिक जलस्रोतों तक पहुँच की माँग की। यह आंदोलन केवल पानी के अधिकार की लड़ाई नहीं था, बल्कि यह समाज को यह बताने का प्रयास था कि हर मनुष्य को बराबरी का हक है। इसके बाद 1930 में नासिक के कालाराम मंदिर प्रवेश आंदोलन ने एक बार फिर साबित किया कि बाबा साहेब जातिगत भेदभाव को मानवता पर आघात मानते थे। ये आंदोलन केवल प्रतीकात्मक नहीं थे, बल्कि सामाजिक नवजागरण की शुरुआत थे, जिन्होंने लाखों लोगों को यह विश्वास दिलाया कि वे भी सम्मान और समानता के हकदार हैं।

डॉ. अंबेडकर का सबसे बड़ा योगदान भारतीय संविधान का निर्माण है, जिसने स्वतंत्र भारत को एक मजबूत, समतामूलक और न्यायपूर्ण राष्ट्र का आधार प्रदान किया। संविधान सभा के प्रारूप समिति के अध्यक्ष के रूप में उन्होंने एक ऐसा दस्तावेज़ तैयार किया, जो हर नागरिक को समानता, स्वतंत्रता, धार्मिक स्वतंत्रता, भाषाई स्वतंत्रता, शिक्षा का अधिकार और अवसर की समानता की गारंटी देता है। अनुसूचित जातियों, जनजातियों और पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण की व्यवस्था ने लाखों लोगों को सामाजिक और आर्थिक मुख्यधारा में शामिल होने का अवसर दिया। यह व्यवस्था केवल नीति नहीं थी, बल्कि बाबा साहेब का वह वादा था, जो सदियों से उपेक्षित लोगों को सम्मान और अवसर का जीवन देना चाहता था। बाबा साहेब केवल दलितों के मसीहा नहीं थे, वे महिलाओं के अधिकारों के भी प्रबल समर्थक थे। उन्होंने हिंदू कोड बिल का मसौदा तैयार किया, जिसमें महिलाओं को संपत्ति में अधिकार, तलाक, विवाह की स्वतंत्रता और समान अधिकार देने की कोशिश की गई। यह बिल उस समय के रूढ़िवादी समाज के लिए क्रांतिकारी था, लेकिन तत्कालीन सरकार द्वारा इसे पारित न किए जाने पर उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया। यह कदम उनकी उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जो सिद्धांतों को किसी भी पद या प्रतिष्ठा से ऊपर रखता था। 1956 में बौद्ध धर्म अपनाकर बाबा साहेब ने एक और ऐतिहासिक कदम उठाया। यह केवल धार्मिक परिवर्तन नहीं था, बल्कि समानता, करुणा और नैतिकता पर आधारित जीवन दर्शन को अपनाने का संदेश था। नागपुर में लाखों अनुयायियों के साथ बौद्ध धर्म ग्रहण कर उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि वे ऐसी किसी व्यवस्था को स्वीकार नहीं करेंगे, जो मनुष्य को जन्म के आधार पर नीचा समझे। यह कदम सामाजिक चेतना के एक नए युग की शुरुआत था, जिसने लाखों लोगों को यह विश्वास दिलाया कि धर्म का आधार मनुष्यता और समता होना चाहिए। डॉ. अंबेडकर का जीवन केवल संघर्ष और उपलब्धियों की कहानी नहीं है, यह एक प्रेरणा है कि सबसे अंधेरे रास्तों पर भी अगर आत्मविश्वास और विश्वास का दीप जलाया जाए, तो रोशनी जरूर मिलती है। उन्होंने न केवल दलितों और वंचितों को आवाज दी, बल्कि हर उस व्यक्ति को प्रेरित किया, जो अन्याय के खिलाफ खड़ा होना चाहता है। उनके विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने उनके समय में थे। जातिगत भेदभाव, सामाजिक असमानता और लैंगिक अन्याय के खिलाफ उनकी लड़ाई आज भी हमें यह सिखाती है कि बदलाव संभव है, बशर्ते हम हिम्मत और एकजुटता के साथ आगे बढ़ें। आज, अंबेडकर जयंती पर हमें उनके सपनों का आत्मपरीक्षण करना होगा। क्या हम उस भारत का निर्माण कर पाए हैं, जिसकी कल्पना बाबा साहेब ने की थी?

# गुजरात में कांग्रेस का अधिवेशन बनाम ढाक के तीन पात



– अशोक भाटिया,मुंबई

**गुजरात में अधिवेशन कर कांग्रेस पार्टी लंबे समय से बीजेपी का गढ़ रहे राज्य में अपनी राजनीतिक ताकत को पुनर्जीवित करना चाहती थी। इसी के साथ कांग्रेस अपने जिला समितियों को भी उत्साहित करना चाहती थी थी कि आने वाले चुनावों को लेकर तैयार रहे।हाल ही में कांग्रेस का केंद्रीय नेतृत्व दिल्ली में तीन बैचों में 862 जिला अध्यक्षों से मिल चुका है, जहां उन्हें मिलने वाले %अभूतपूर्व अधिकार% के बारे में संकेत दिया गया था। जिला अध्यक्षों की बैठक में कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने जिला अध्यक्षों से कहा था कि पार्टी के विचारों और कार्यक्रमों को जन-जन तक पहुंचाने में उनकी भूमिका अहम है।**

साल 2025 को संगठनात्मक पुनर्गठन के वर्ष के रूप में पहचान करते हुए, कांग्रेस गुजरात पर अधिक ध्यान केंद्रित करते हुए आक्रामक रुख अपना रही है, जो महात्मा गांधी और सरदार वल्लभभाई पटेल की भूमि है और जहां से उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी नरेंद्र मोदी आते हैं।गुजरात में कांग्रेस अधिवेशन कर अपने कैडर को यह भी संदेश देना चाह रही थी कि वह प्रदेश में अपनी पहचान नहीं खोई है और वह मोदी और उनकी पार्टी बीजेपी से मुकाबले को तैयार है। अधिवेशन के लिए गुजरात के चुनाव पर वरिष्ठ पत्रकार मीनू जैन कहती हैं पिछले 10 साल से केंद्र में मोदी और अमित शाह काबिज हैं और दोनों ही गुजरात से आते हैं और कांग्रेस को वहां अपनी उपस्थिति दिखाना चाहती थी । गौरतलब है कि 1960 में गुजरात राज्य के निर्माण के बाद, 1961 में भावनगर में अखिल भारतीय कांग्रेस सम्मेलन आयोजित किया गया था। यह पंडित जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी, मोरारजी देसाई, उच्छंगराय ढेबर की उपस्थिति में आयोजित किया गया था। नीलम संजीव रेड्डी ने 1961 में कांग्रेस के 66वें सत्र की अध्यक्षता की थी। स्वागत समारोह था ठाकोरभाई देसाई। महासचिव जी. राजगोपालन, सादिक अली और महाराष्ट्र के तत्कालीन मुख्यमंत्री यशवंतराव चव्हाण भी मौजूद थे। बलवंत राय मेहता खुद भावनगर में पार्टी का राष्ट्रीय अधिवेशन आयोजित करने पर जोर दे रहे थे। उस समय पंडित नेहरू की लोकप्रियता काफी ज्यादा थी। चाचा नेहरू के दर्शन के लिए हजारों लोग भावनगर पहुंचे थे। भावनगर अधिवेशन में कांग्रेस ने राष्ट्रीय एकता समिति के गठन की घोषणा की और इंदिरा गांधी को समिति की अध्यक्षता की जिम्मेदारी सौंपी गई। नीलम संजीव रेड्डी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा था कि कांग्रेस पार्टी में अनुशासन बनाए रखा जाना चाहिए और पार्टी कार्यकर्ताओं में मिशन की भावना पैदा की जानी चाहिए। अगले साल (1962) चुनाव होंगे, लोगों को आसानी से समझ लेना चाहिए कि हम क्यों खड़े हैं, हम चुनाव क्यों लड़ रहे हैं।अब कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की बारी थी कि उन्होंने वही शब्द कहे जो नीलम संजीव रेड्डी ने 64 साल पहले अहमदाबाद में एक सम्मेलन में कहे थे। आजादी के बाद से देश और लगभग सभी राज्यों में कांग्रेस पार्टी सत्ता में थी। राष्ट्रीय स्तर पर कोई मजबूत और मजबूत विकल्प नहीं था जो कांग्रेस को चुनौती दे। कांग्रेस केंद्र में सत्ता में नहीं है। इनमें से दो कार्यकालों के लिए, 2014 से 2024 तक, कांग्रेस लोकसभा में विपक्ष के नेता का पद भी नहीं पा सकी क्योंकि उसके पास पर्याप्त संख्या नहीं थी। 10 साल के अंतराल के बाद पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में 100 सांसद चुने जाने के बाद कांग्रेस को विपक्ष के नेता का पद मिला है। लोकसभा और राज्यसभा दोनों में विपक्ष के नेता का पद कांग्रेस के पास है। चुनावी राजनीति में कांग्रेस असफल क्यों हो रही है? अहमदाबाद में कांग्रेस अधिवेशन में जब मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी और राहुल गांधी मंच पर मौजूद थे, तब देश के कुछ पदाधिकारियों,

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

**नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार हैं राजस्थान पुलिस सेवा के शानदार बेहतरीन हंसमुख और मिलनसार अधिकारी कन्हैयालाल राहर।**

अपनी ड्यूटी के प्रति कर्तव्य लिस्ट ईमानदार और बहुत बेहतरीन छवि के अधिकारी के रूप में राजस्थान पुलिस में उन्हें जाना जाता है। अलवर शहर कोतवाल के पद पर रहते हुए उनकी कार्यशैली को बहुत करीब से देखने का मौका मिला। बहुत शानदार अधिकारी है और बड़े शांत स्वभाव के हैं। अपने अधीनस्थ कर्मचारी और अधिकारियों का बेहद ध्यान रखते हैं। सीकर थाना अधिकारी रहते हुए उन्होंने बहुत बेहतरीन काम किया और अपराधियों की धर पकड़ अभियान में विशेष सहयोग देकर पुलिस के स्लोगन अपराधियों में भय और आमजन में विश्वास को बड़ा किया । सीकर के तत्कालीन पुलिस अधीक्षक कुंवर राष्ट्रदीप उनकी कार्यशैली से बेहद प्रसन्न रहे। चुनाव के दौरान चोटिल हो जाने के कारण उनका हाथ फैक्चर हो गया उसके बावजूद भी फ्लैग मार्च में वे पूरी मुस्तादी के साथ अपने फैक्चर हाथ के साथ ही पुलिस ड्यूटी निभाते नजर आए । कर्तव्य निष्ठ अधिकारी को दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम सच में सलूट करती है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है। अपने अधीन सथ पुलिसकर्मियों के साथ बहुत इंसानियत दिखाते हुए उनका बेहद ख्याल रखते हैं शहर कोतवाली पद स्थापना के दौरान एक बार एक सहायक पुलिस निरीक्षक ड्यूटी से थाने में आए थे और उन्हें अर्जेंट एक घटना में जाना था लेकिन उन्होंने कहा कि आप सबसे पहले भोजन करो। घटनास्थल पर मैं होकर आता हूं जबकि कोतवाल साब कन्हैया लाल जी की तबियत उस दिन ठीक नहीं थी। मैं सच मे उनकी इंसानियत के धर्म से प्रभावित हुआ जो आज भी मुझे इंसानियत का पाठ याद दिलाता है।

रूपक शर्मा



कन्हैया लाल राहड़
डिप्टी एसपी

## 2025_098 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 6 | 4 | | | | 9 |
| 1 | 9 | | | | | | | 8 |
| | 6 | | | 9 | 8 | | | 4 |
| | | 2 | | 7 | 6 | 4 | 5 | |
| 4 | 1 | 6 | 5 | 2 | | | 9 | 7 |
| 7 | | | 8 | | 4 | | 3 | |
| 9 | 4 | | 3 | 6 | 7 | 1 | 8 | 2 |
| | 2 | | 4 | | | 7 | 6 | 3 |
| 6 | 7 | 3 | | 8 | | 9 | | |

### Ans_2025_097

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 4 | 8 | 5 | 9 | 3 | 6 | 7 | 1 |
| 5 | 6 | 7 | 2 | 1 | 4 | 9 | 3 | 8 |
| 9 | 3 | 1 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 8 | 6 | 7 |
| 6 | 9 | 2 | 4 | 8 | 7 | 5 | 1 | 3 |
| 8 | 7 | 3 | 6 | 5 | 1 | 4 | 9 | 2 |
| 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 | 9 |
| 1 | 8 | 6 | 9 | 3 | 2 | 7 | 4 | 5 |
| 7 | 5 | 9 | 1 | 4 | 8 | 3 | 2 | 6 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। बहुत दिनों से अटके सरकारी कामों में सफलता मिलेगी।

**वृष**

मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हों। अपनी कल्पनाशक्ति से साहित्य-सृजन में आप नवीनता ला पाएंगे। व्यवसाय में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन**

मित्रों का सहयोग भी आप को प्राप्त होगा। विरोधियों पर विजय प्राप्त होगी। पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। धन और प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है। आप की रचनात्मकता में सकारात्मक वृद्धि होगी।

**कर्क**

अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा। आज आपकी नौकरी और व्यवसाय में रुचि बढ़ेगी। आज स्वास्थ्य का ध्यान रखें। साथी कर्मचारियों का साथ मिलेगा। संतान की चिंता आपको हो सकती है। सुख-शांति बनी रहेगी।

**सिंह**

व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से स्वास्थ्य बिगड़ सकता है। पूंजी निवेश में सावधानी बरतें। धार्मिक काम के पीछे धन खर्च हो सकता है। कोर्ट-कचहरी के विषय में संभलकर चलें।

**कन्या**

स्वभाव में उग्रता हो सकती है, इसलिए वाणी पर संयम रखें। दोपहर के बाद आप आप मनोरंजन की ओर ज्यादा बढ़ेंगे। मित्रों और स्नेहीजनों के साथ प्रवास या पर्यटन का योग है। शारीरिक और मानसिक रूप से आप स्वस्थ रह पाएंगे। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

**तुला**

सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें। व्यापार में ज्यादा लाभ की उम्मीद नहीं है। दोपहर के बाद आप को प्रतिकूलता का सामना करना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**

आज वाणी पर संयम रखें. स्नेहीजनों के साथ किसी बात पर विवाद हो सकता है। आय की अपेक्षा व्यय अधिक रहेगा। किसी उलझन में दिन गुजरेगा। स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहें। आप नए काम का आरंभ कर सकेंगे।

**धनु**

आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है। व्यापार में लाभ का अवसर मिलेगा। आज आपको कार्यालय और व्यापार में थोड़ा संभलकर चलना होगा।

**मकर**

किसी तरह का आर्थिक लाभ भी हो सकता है। हालांकि, स्वास्थ्य को लेकर उतार-चढ़ाव बना रहेगा। गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

**कुंभ**

स्वास्थ्य का ध्यान रखें। दोपहर के बाद पारिवारिक जीवन में हर्षोल्लास का वातावरण बना रहेगा। आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी।

**मीन**

दवाई खरीदने या अस्पताल की फीस पर आकस्मिक खर्च हो सकता है। आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी। शारीरिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। दोस्तों के साथ मुलाकात होगी।

# कार-ट्रेलर की टक्कर में पांच लोगों की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर ग्रामीण जिले के रायसर थाना इलाके में रविवार सुबह ट्रेलर-कार की आमने-सामने की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में कार सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर, उसकी बैंक मैनेजर पत्नी समेत पांच लोगों की मौत हो गई। मरने वाले सभी लोग एक ही परिवार के है। टक्कर इतनी तेज थी कि ट्रेलर रोड से नीचे उतरकर पलट गया। कार से शवों को निकालने के लिए पुलिस को काफी मशक्कत करनी पड़ी। थानाधिकारी रघुवीर सिंह ने बताया कि हादसा सुबह मनोहरपुर-दौसा हाईवे पर हुआ है। जहां लखनऊ के रहने वाले सत्य प्रकाश (60), उनकी पत्नी रामा देवी (55), बेटा अभिषेक (35), बहू प्रियांशी (30) और 6 महीने की पोती श्री वर्ना कार से खाटूश्यामजी के दर्शन के लिए निकले थे। इसी दौरान नेकावाला टोल के पास कार और ट्रेलर की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में पूरा परिवार खत्म हो गया। कार के आगे का हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। पांचों कार में बुरी तरह फंस गए थे। हादसे की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस को आशंका है कि ओवरटेक करने के चक्कर में हादसा हुआ है। पुलिस जांच में सामने आया कि प्रियांशी बैंक ऑफ बड़ौदा की गोमतीनगर ब्रांच में मैनेजर थी। सत्य प्रकाश मल्टीनेशनल कंपनी में सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे। बच्ची का नामकरण नहीं हुआ था,हालांकि घर के लोग उसे श्री कहकर बुलाते थे। सभी लोग कार से 12 अप्रैल की शाम मैनपुरी के लिए निकले थे। खाटू श्याम से 70 किमी पहले कार सामने से आ रहे ट्रेलर से टकरा गई। वहीं अभिषेक और प्रियांशी की शादी 29 नवंबर 2022 को हुई थी। हादसे के वक्त अभिषेक सिंह गाड़ी चला रहे थे। अभिषेक का बड़ा भाई हिमांशु प्राइवेट जॉब करता है। उसकी पत्नी ज्योति और बेटा जियांशु है।

## घर के बाहर खड़ी कार को असामाजिक तत्वों ने किया आग के हवाले

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सांगानेर थाना इलाके में असामाजिक तत्वों ने घर के बाहर खड़ी कार को आग के हवाले कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित को पडोसी ने दी। इस पर दमकल को सूचना दी गई। सूचना पर मौके पर पहुंच कर दमकल ने आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक कार जलकर स्वाहा हो गई। पुलिस के अनुसार सेक्टर-3 प्रतापनगर निवासी सौरभ ने मामला दर्ज करवाया कि उसने शाम को कार अपने घर के बाहर खड़ी की थी। रात को किसी ने उसकी कार को आग लगा दी। आग से कार पूरी तरह से जल गई। सूचना पर मौके पर पहुंचकर पुलिस ने घटना स्थल और उसके आस-पास के सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है।

## विप्र फाउंडेशन की परशुराम जन्मोत्सव शोभायात्रा 27 को



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विप्र फाउंडेशन की ओर से परशुराम जन्मोत्सव पर जयपुर में भव्य शोभायात्रा 27 अप्रैल को निकाली जाएगी। शोभायात्रा पोस्टर का आज प्रथम पूज्य मोती डूंगरी गणेश जी मंदिर में लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मंदिर महंत पंडित कैलाश शर्मा का आशीर्वाद प्राप्त किया। विप्र फाउंडेशन जोन 1 की ओर से मानसरोवर में निकाली जाने वाली शोभायात्रा 27 अप्रैल शाम 5 बजे मध्यममार्ग केएल सैनी स्टेडियम से रवाना होकर रजत पथ, नीरजा मोदी स्कूल सहित विभिन्न मार्गों से होते हुए शिप्रा पथ पर विप्र फाउंडेशन के नव निर्मित भवन श्रीपरशुराम ज्ञानपीठ पर समाप्त होगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में विप्र फाउंडेशन जयपुर जोन 1 के प्रदेश अध्यक्ष राजेश कर्नल, राष्ट्रीय महामंत्री पवन पारीक, राष्ट्रीय सचिव नरेंद्र हर्ष, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय पारीक, प्रदेश प्रवक्ता सुशील पीरनगर, प्रदेश सचिव कपिल व्यास सहित बड़ी संख्या में संस्था के पदाधिकारी मौजूद थे।

# बाबा साहेब अंबेडकर की 134 वीं जयंती पर भव्य समारोह आयोजित

## महिला सशक्तिकरण के संकल्प के साथ जयपुर में हुआ महिलाओं का सम्मान

बढ़ता राजस्थान



**जयपुर ( का.स. )।** भारत रत्न बाबा भीमराव अंबेडकर की 134 वीं जयंती के उपलक्ष्य में महिलाओं का सम्मान एवं अधिकार के कार्यक्रम का आयोजन हुआ। यह कार्यक्रम झालाना डूंगरी स्थित एआईसीटीई में भारत रत्न भीमराव अंबेडकर की जयंती पर महिलाओं का सम्मान किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता मानसी कैलाश सांखला (समाज सेविका )ने की। जिन्होंने महिला सशक्तिकरण को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए बाबा साहेब के विचारों को आत्मसात करने का आह्वान किया।

सांखला ने सशक्त महिला-सशक्त समाज का नारा देते हुए कहा की महिला सशक्तिकरण केवल एक नारा नहीं, बल्कि समाज को सशक्त बनाने की कुंजी है। बाबा साहेब ने कहा था कि समाज की प्रगति महिलाओं की प्रगति से मापी जाती है। हमें उनकी इस सोच को आगे बढ़ाते हुए आत्मनिर्भर और सशक्त नारी शक्ति का निर्माण करना होगा। कार्यक्रम में उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने भी बाबा साहेब के योगदान को याद करते हुए सामाजिक समरसता और महिला उत्थान के लिए संकल्प लिया। नवचेतना शक्ति संगम ने इस अवसर पर महिलाओं के लिए विभिन्न योजनाओं और प्रशिक्षण कार्यक्रमों की घोषणा भी की। जिसका उद्देश्य उनकी आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुदृढ़ करना है। सांखला ने कहा कि आयोजित इस कार्यक्रम में 300 से अधिक महिलाओं का सम्मान किया गया है। आज महिला किसी से कम नहीं है। बाबा साहेब के संविधान के अंतर्गत महिलाओं को समानता का संदेश दिया गया है। साथ ही हमारा लक्ष्य है कि हर महिला न केवल शिक्षित हो, बल्कि आत्मनिर्भर बनकर समाज में समानता की मिसाल कायम करे। यह आयोजन न केवल बाबा साहेब की जयंती को श्रद्धांजलि था, बल्कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक मजबूत कदम भी साबित हुआ। मानसी सांखला के नेतृत्व में नवचेतना शक्ति संगम ने एक बार फिर सशक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया। मुख्य वक्ता एसीबी के पुलिस महानिदेशक रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बाबा साहेब के समानता और शिक्षा के दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला और कहा कि आज महिला शक्ति को सर्वोपरि रखा है। देश में बहुत उथल पुथल हो रही है, लेकिन भीमराव अंबेडकर का संदेश आज भी देखा जा रहा है। महिलाएं अपने आप में एक किताब है और एक मोटिवेशनल है। महिलाओं की बातों को पुरुष कभी नहीं समझ पाता है। महिलाओं को घर के पुरुषों से क्या आशाएं हैं और क्या उम्मीद रखती हैं। लेकिन आज हम भले ही कितने भी व्यस्त हो, महिलाओं के मन की बात जाननी चाहिएं। बाबा साहेब के बनाए संविधान के आधार पर ही महिलाओं को चाइल्ड केयर लीव और मैटरनेटिव लीव जैसी सुविधा दी जा रही है। शिक्षा के मामले में आज लड़कियां लड़कों से आगे जा रही हैं।

आज महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ होने की आवश्यकता है। किसी भी परीक्षा में महिलाएं और लड़कियां टॉपर रहती हैं। आज पुरुषों को महिलाओं से सीखने की आवश्यकता है, महिलाएं सभी कामों में आगे है। इस अवसर पर कार्यक्रम में जयपुर नगर निगम हेरिटेज महापौर कुसुम यादव, पूर्व विधायक वेद प्रकाश सोलंकी, आईएएस उर्मिला राजौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और कई समाजसेवी उपस्थित रहे।

# हनुमान जन्मोत्सव पर मंदिरों में धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन

## पंचामृत से किया बालाजी का अभिषेक, भव्य आतिश के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ का हुआ आयोजन

बढ़ता राजस्थान



**चाकसू ( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चैत्र मास की शुक्ल पूर्णिमा शनिवार को हनुमान जन्मोत्सव के पावन पर्व पर चाकसू कस्बे सहित सम्पूर्ण उपखंड क्षेत्र में स्थित धार्मिक स्थलों पर विशेष श्रृंगार, हवन अनुष्ठान आदि के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। पंचायत समिति कार्यालय के पास स्थित बड़े बालाजी, गणेशपुरी धाम खाल के बालाजी सहित सभी मंदिरों में आकर्षक रोशनी एवं श्रृंगार - किया गया। प्रात: काल पंचामृत अभिषेक एवं श्रृंगार का कार्य आरंभ हुआ फल, फूल बंगला झांकी सजाई गई।

दिन भर भक्ति संगीत की रसधार बहती रही। भक्तों का लगातार आना-जाना बना रहा। बारह बालाजी बड़ोदिया एवं श्यामपुरा बालाजी महाराज का तो वार्षिक मेला भरा, दूर-दूर से दर्शन करने भक्तों का आना हुआ। मंदिर पुजारी एवं प्रबंध समितियों के लोगों द्वारा कार्यक्रम को प्रभावी एवं आकर्षक बनाने में जुटे रहे। यहां नीलकंठ महादेव हनुमान मंदिर पर सवेरे से ही भक्तों की भीड़ लगी रहीं। हनुमान जी महाराज का अभिषेक एवं विशेष श्रृंगार हुए। पूरे परिसर को रंग-बिरंगे फूलों एवं लाइट से सजाया गया। गायक कलाकार दिन भर भक्ति संगीत प्रस्तुत कर माहोल को आस्था से परिपूर्ण करने में जुटे रहे। सायंकाल सामूहिक रुप से श्री हरि कीर्तन प्रेम मंडल द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड एवं हनुमान चालीसा पाठों का पाठन किया गया। संचालन मंडल के सदस्य ने बताया कि सुंदरकांड एवं हनुमान चालीसा के पाठ शनिवार एवं मंगलवार को ही किए जाते है। जो पूर्ण रूप से नि:शुल्क है। महा आरती की थाली में दिए हुए पैसे को गौ सेवा हेतु गौ शाला में चारा पानी हेतु दिया जाता है। मंडल सदस्य ने मार्मिक अपील करते हुए कहा कि भक्त पाठ बुक कराकर गौ सेवा का लाभ ले सकते है। गौ सेवा सर्वोपरि सेवा है। कार्यक्रम में विधायक रामावतार बैरवा एवं भाजपा कार्यकर्ताओं सहित सैकड़ों भक्तों ने भागीदारी निभाई ।यहां महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया।

# 14 अप्रैल को जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान सरकार के चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के निर्देशानुसार, आगामी 14 अप्रैल को जिलेभर में आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर आयुष्मान भारत हेल्थ वेलनेस सेंटर (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) के अंतर्गत आयोजित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इसका उद्देश्य आमजन को सुलभ, नि:शुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है।

**इन गतिविधियों का होगा आयोजन :** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम डॉ. रवि शेखावत ने बताया कि शिविर में रोगियों का पंजीकरण किया जाएगा। हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी। नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाई जाएगी। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आवश्यक दवाइयां और जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। ज़रूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। योग सत्रों का भी आयोजन होगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य यानी मा योजना में पंजीकरण किया जाएगा।आमजन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी।

**शिविरों की रिपोर्टिंग अनिवार्य :** सभी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ 'आयुष्मान भारत-आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपलोड कीए जाए।

# तेज रफ्तार स्कॉर्पियो ट्रक में घुसी, कार में लगी आग

## स्कॉर्पियो में सवार पांच लोगों की जान बची

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजधानी जयपुर के दौलतपुरा थाना इलाके में स्थित जयपुर-सीकर हाईवे (एनएच-52) पर टाटियावास टोल के पास रविवार शाम 5 बजे एक तेज़ रफ्तार महिंद्रा स्कॉर्पियो कार सामने चल रहे ट्रक में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कॉर्पियो में तुरंत आग लग गई। पुलिस ने बताया कि कार की रफ्तार बहुत तेज थी और ट्रक से टकराते ही उसमें आग लग गई। गनीमत रही कि स्कॉर्पियो में सवार पांचों लोगों की जान बच गई। इनमें से एक व्यक्ति का पैर टूट गया, जबकि बाकी चार लोगों को मामूली चोटें आई हैं। कार सवार सभी लोग नशे की हालत में थे और गाड़ी में शराब की बोतलें भी मिली हैं। हादसे के तुरंत बाद घायलों को नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हादसे के चलते हाईवे पर कुछ समय के लिए ट्रैफिक बाधित रहा, जिसे पुलिस ने बाद में नियंत्रित किया।

# हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस पर सांगानेर में भव्य आयोजन, राष्ट्र सेवा का लिया संकल्प





बढ़ता राजस्थान

**सांगानेर/जयपुर( का.स. )।** क्रीड़ा भारती सांगानेर महानगर द्वारा रविवार को हनुमान जन्मोत्सव एवं क्रीड़ा भारती स्थापना दिवस के पावन अवसर पर राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुखपुरिया में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हनुमान जी महाराज एवं भारत माता के पूजन से हुई, जिसके पश्चात सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। इस आयोजन में क्रीड़ा भारती सांगानेर महानगर के उपाध्यक्ष मोहित टेलर, मंत्री मनीष शर्मा, सह मंत्री सत्यवीर योगी, सुनील शशि, चन्द्रभान सहित समस्त कार्यकारिणी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। उपाध्यक्ष मोहित टेलर ने अपने उद्बोधन में हनुमान जी के जीवन से प्रेरणा लेते हुए राष्ट्रहित में नि:स्वार्थ सेवा और समर्पण के महत्व को बताया। मंत्री मनीष शर्मा ने कार्यकारिणी विस्तार की जानकारी साझा की और आगामी सदस्यता अभियान में अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने का आह्वान किया।

उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं को कार्यक्रम में भाग लेने के लिए आभार भी व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में चल रहे राष्ट्रीय आरोग्य मेले में डॉ. निसार अहमद ख़ान का व्याख्यान रहा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** राजस्थान यूनानी विभाग के निदेशक डॉ. मनमोहन खींची एवं जयपुर ज़िले के समस्त सेवारत चिकित्सक की उपस्थिति में रविवार सुबह 11 बजे राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान ( आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज), जोरावर सिंह गेट में 11 से 14 अप्रैल तक होने वाले राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2025 में रविवार को डॉ. निसार अहमद खान का व्याख्यान हुआ जिसमें उन्होंने बताया कि यूनानी चिकित्सा कहाँ से प्रारम्भ हुई और यह कैसे दुनियाँ भर में फेल गई और यूनानी चिकित्सा रोगों पर किस तरह से कार्य करती है यूनानी चिकित्सा पद्धति का इलाज करने का क्या आधार है और यह रोगों से मुक्ति कैसे दिलाती हैं ।

इस राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान में डॉ. निसार अहमद खान का यूनानी व्याख्यान से लोग काफ़ी प्रभावित हुए । इस व्याख्यान में जयपुर के राजपूताना यूनानी एवं आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज का पूरा प्रशासन और राजस्थान यूनानी मेडिकल कॉलेज का पूरा प्रशासन उपस्थित रहा साथ ही सभी कॉलेज में प्रशिक्षण ले रहे सभी युवा चिकित्सक भी उपस्थित रहे । उपरोक्त जानकारी यूनानी विभाग के जयपुर शहर के यूनानी नोडल अधिकारी डॉ लियाक़त अली मन्सूरी ने दी ।



# पार्षद के टिकट के बहाने महिला से सामूहिक दुष्कर्म

## आरोपियों ने कांग्रेस के विधायक से फोन पर की बात खाने में नशा मिलाकर किया दुष्कर्म

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सिंधी कैम्प थाना इलाके में एक महिला से पार्षद का टिकट दिलाने के बहाने सामूहिक दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। महिला ने थाने में तीन आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। महिला का आरोप है की उसे कांग्रेस पार्टी से पार्षद की टिकट दिलाने के बहाने मिलने बुलाया गया था। कांग्रेस के एक विधायक से बात करवाई। इसे बाद खाने में नशा मिलाकर सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में जुटी है।

पुलिस के अनुसार जयपुर की रहने वाली एक 35 वर्षीय की महिला ने मामला दर्ज करवाया कि काफी समय से कांग्रेस पार्टी से जुड़ी हुई है और कुछ समय पहले उसकी मुलाकात बबलू नाम के व्यक्ति से हुई थी। बातचीत के दौरान उसने कांग्रेस पार्टी के नेताओं से अच्छी पहचान होना बताया। जहां आरोपित ने 9 अप्रेल को पार्षद पद की टिकट की बात करवाने के बहाने स्टेशन रोड स्थित एक होटल में मिलने बुलाया। होटल में मिलने पहुंचने पर आरोपी बबलू के साथ उसके दो परिचित वसीम और मुन्ना भी मौजूद थे।

पीडिता आरोप है कि होटल के रूम में आरोपी बबलू ने कांग्रेस के एक विधायक को फोन किया। लाउडस्पीकर पर फोन कर बातचीत करने के दौरान विधायक ने राहुल गांधी के प्रोग्राम में होना बताया। कुछ देर बाद वापस फोन करने की कहकर आरोपी ने उसे रोक लिया। इस दौरान धोखे से खाने में नशीला पदार्थ मिलाकर उसको खिला दिया। बेहोशी की हालत में तीनों आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। अगले दिन सुबह होश आने पर विरोध करने पर आरोपियों ने धमकाया। पीड़िता ने तीनों आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल करवाकर जांच शुरू कर दी है।

एसीपी सदर धर्मवीर सिंह ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। पीड़िता का मेडिकल करवाया गया है। मौका-नक्शा बनाने के लिए पीड़िता को बुलाया गया है। इसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# समाज को नया संदेश, कालेडी के दो युवको ने, 101 रूपया लेकर रचाई शादी

बढ़ता राजस्थान



**दौसा ( नि.स. )।** दौसा जिले के कालेडी गांव के पाण्डेय की ढाणी में स्वर्गीय भगवान सहाय शर्मा (थानेदार) के दो बेटों ने 101 रुपये मे शादी रचाकर ब्राह्मण समाज को दहेज प्रथा खत्म करने का संदेश दिया है।

बडे भाई भवानी शंकर शर्मा ने बताया कि दोनो छोटे भाइयों की शादी 18 अप्रेल को बिगावास निवासी कमलेश शर्मा की बेटी के साथ होने जा रही है। साथ ही 12 अप्रैल को लग्न टीके का कार्यक्रम था जिसमें 101 रुपये लेकर समाज में एक मिसाल पेश की। परिवार की इस पेशकश से गांव एवं समाज में वर पक्ष की चर्चा जोरों पर है तथा अन्य समाज के प्रतिष्ठित लोगों ने भी इस पहल को सराहा और कहा की अन्य युवाओं को भी इसका विरोध करना चाहिए। ताकि समाज में इस सामाजिक बुराई का अंत हो सकता है।

# होटल के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर नगदी जेवरात से भरा सूटकेस पार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अशोक नगर थाना इलाके में होटल के बाहर खड़ी कार का शीशा तोड़कर चोर सूटकेस ले गए। सूटकेस में जेवरात व नगदी के अलावा अन्य सामान रखा था। पुलिस के अनुसार दुर्गापुरा निवासी अंकित गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया कि वह किसी काम से सहकार मार्ग पर स्थित होटल लॉस वैगास गया था वहां पर किसी ने उसकी कार का शीशा तोड़कर सूटकेस पार कर लिया। सूटकेस में बेशकीमती सामान रखा था। घटना 11 अप्रैल की रात करीब 8 बजे की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर होटल के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है।



# मुख्यमंत्री ने सैन्य जवान के निधन पर सांत्वना संदेश भेजकर जताया शोक

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के निकटवर्ती गाँव बिलिया के सेना के जवान लखवीर सिंह राठौड़ के असामयिक निधन पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके पिता के नाम सांत्वना संदेश पत्र भेजकर शोक जताया।

भाजपा युवा मोर्चा जिला प्रवक्ता राहुल जोशी रेड़ी ने जानकारी देते हुए बताया कि तारानगर तहसील के ग्राम पंचायत रेड़ी के गांव बिलिया निवासी लखवीर सिंह राठौड़ पुत्र रूपसिंह राठौड़ राजपूताना रेजिमेंट पंजाब में तैनात था एक सड़क दुर्घटना में घायल होने के कारण सेना के जवान लखवीरसिंह का 2 अप्रैल को असामयिक निधन हो गया था भारतीय सेना के जवान के निधन हो जाने पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने उनके पिता रूपसिंह राठौड़ को सांत्वना संदेश पत्र भेजकर शोक जताया । सांत्वना पत्र में मुख्यमंत्री ने लिखा कि, लखवीर सिंह राठौड़ के निधन का समाचार जानकर मन को गहरा आघात पहुंचा। यह क्षति अपूरणीय है, किंतु ईश्वरीय इच्छा और विधि के विधान के आगे हम सब असहाय हैं। हरि इच्छा सर्वोपरि है। मैं परम पिता परमेश्वर से प्रार्थना करता हूं कि दिवंगत आत्मा को परम शांति व श्रीचरणों में स्थान और शोक संतप्त परिजनों को यह आघात सहन करने की शक्ति प्रदान करें। इस पत्र को राहुल जोशी रेड़ी के नेतृत्व में युवायों के साथ उनके घर पहुंचकर उनको सांत्वना संदेश पत्र सुपर्द किया गया। इस दौरान एडवोकेट मुकेश शर्मा, मनीष शर्मा, गणेश राठौड़, संदीप जाट, मनीराम जोशी, धनेसिंह राठौड़, महेश शर्मा व अन्य युवा मौजूद रहे।

## पोरवाल सभा संस्थान का शपथ ग्रहण समारोह

# संख्या में कम होने के बावजूद जैनियों ने अपना दबदबा बनायें रखा : कटारिया

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** पंजाब के राज्यपाल एवं प्रशासक (चंडीगढ़) गुलाबचंद कटारिया ने कहा कि कोई भी सरकार हो, हमारी मदद के बिना चल नही सकती। संख्या में कम होने के बावजूद जैनियों ने जो अपना दबदबा बना रखा है, उसे जमाये रखना होगा अन्यथा आने वाले समय में संकट के समय कोई बचाने वाला नही होगा। आने वाले समय में पूरी दुनिया को भगवान महावीर के अनेकान्तवाद को मानना होगा। अगर महावीर के सिद्धांतों को कोई मान ले तो युद्ध की बात ही नही हो सकती। वे ओरबिट रिसोर्ट में आयोजित पोरवाल सभा संस्थान के शपथ ग्रहण समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जैन समाज के सब प्रकल्पों के अध्यक्षों को बुलाकर जो एकता अजय पोरवाल ने दिखाई है, वह प्रशंसनीय है। जैन का प्रतिनिधित्व रहना चाहिए, भले ही किसी पार्टी में रहे। मुख्य अतिथि मंदसौर (मध्यप्रदेश) सांसद सुधीर गुप्ता ने युवा प्रकोष्ठ की नव कार्यकारिणी को शपथ दिलाते हुए कहा कि हम फर्टिलिटी के मामले में 1.2 प्रतिशत पर हैं जबकि देश इस मामले में 2.25 प्रतिशत पर है। सिंगल



चाइल्ड की सोच छोड़नी होगी। सिर्फ जैन नही सनातन के साथ जुड़कर काम करना होगा। विशिष्ट अतिथि दशा हुमड़ समाज के सरंक्षक और समाजसेवी दिनेश खोड़निया ने कहा कि राजनीति में जैन समाज को अगर आगे आना है तो एकजुट होना होगा। पारिवारिक और समाज की एकता की जरूरत है। पैकेज के चक्कर में आकर अपने बच्चे अब सेठ नहीं नौकर होने लग गए हैं। जो बच्चे बाहर गए हैं, वो वापस नही आएंगे। संस्थान के निर्विरोध नवनिर्वाचित अध्यक्ष अजय पोरवाल ने विश्वास दिलाया कि नई कार्यकारिणी हमेशा समाज के लिए तैयार रहेगी। ये सिर्फ एक शपथ ग्रहण नहीं बल्कि नई जिम्मेदारी है।

आरम्भ में मंगलाचरण पोरवाल समाज महिला प्रकोष्ठ की ओर से प्रस्तुत किया गया। अतिथियों का सम्मान माल्यार्पण, मेवाड़ी पगड़ी, शॉल ओढ़ाकर, उपरणा और स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया। आभार संस्थान के महामंत्री राकेश पोरवाल ने व्यक्त किया। समारोह में अतिथियों ने पोरवाड़ समाज के अध्यक्ष अजय पोरवाल,महामंत्री राकेश पोरवाल,निवर्तमान अध्यक्ष राजकुमार फत्तावत,यशवन्त जैन,ओमप्रकाश करणपुरवाला,सतीश पोरवाल,प्रदीप पोरवाल,दिलीप करणपुरिया,मुख्य संरक्षक डॉ. कीर्ति जैन,संरक्षक प्रफुल्ल करणपुरिया,पुष्पेन्द्र परमार,अशोक कोठारी मुबंई,पोरवाल महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष सुमन डामर,मंत्री महिमा कोठारी,मंजू फत्तावत,प्रवीणा पोरवाल,युवा प्रकोष्ठ के अध्यक्ष प्रवीण पोरवाल,दीपक भोलावत,मुकेश ताकड़िया,मयंक करणपुरिया सहित नव निर्वाचित कार्यकारिणी को शपथ दिलायी गई।

इस अवसर पर ओसवाल समाज के अध्यक्ष कुलदीप नाहर, महामंत्री आलोक पगारिया चैम्बर ऑफ़ कॉमर्स के महामंत्री राजमल जैन,तेरापंथ समाज के अध्यक्ष कमल नाहटा, श्री वर्धमान स्थानक वासी जैन श्रावक संघ उदयपुर के महामंत्री हिम्मत बड़ाला, जैन कॉन्फ्रेस से संजय भंडारी, साधू मार्गी जैन श्रावक संग से इन्द्र सिंह मेहता,नरेन्द्र सिंघवी, रिषभ जैन, महावीर युवा मंच के अध्यक्ष नरेंद्र जैन, महामंत्री नीरज सिंघवी,उपाध्यक्ष हर्ष मित्र सरुपरिया,राकेश बापना, डॉ अरुण बोर्दिया, दिगम्बर जैन बीसा नरसिंहपुरा समाज के अध्यक्ष ऋषभ जसिंगोत,महामंत्री अनिल मेहता सहित समाज के अनेक संगठनों पदाधिकारी मोजूद थे।

# आँखों की नि:शुल्क जाँच एवं परामर्श शिविर आयोजित

## शिविर में 265 रोगियों का हुआ पंजीयन, 36 रोगियों को दी ऑपरेशन की सलाह

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य पर आयोजित में आँखों की नि:शुल्क जांच एवं परामर्श चिकित्सा शिविर में 265 रोगियों का आवश्यक उपचार कर नि:शुल्क दवाईयां वितरित की गई तथा उचित परामर्श दिया गया। रविवार को कस्बे प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज साहवा में बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर सेवा समिति साहवा तथा डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच के तत्वावधान में आयोजित जांच एवं परामर्श शिविर में नोहर के सीटी आँखो का हॉस्पिटल की टीम ने अपनी सेवाएं दी। टीम के डॉक्टर अमित वासिल, डॉ. पीएस सैनी, विनोद सैनी, आनंद सैनी आदि ने



शिविर में आए रोगियों की आवश्यक जांच कर उपचार किया तथा उचित परामर्श दिया। शिविर में साहवा सहित आस पास के गांवों से पहुंचे 265 रोगियों का पंजीयन हुआ जिनकी आँखों की जांच कर उपचार किया। साथ ही 36 रोगियों को मोतियाबिंद होने के कारण ऑपरेशन करवाने की सलाह दी गई। इससे पूर्व डॉक्टर और सहयोगी टीम का आयोजक मंडल द्वारा माला पहनाकर स्वागत किया। सभी उपस्थित जनों ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. अंबेडकर सेवा समिति साहवा के अध्यक्ष हुकमीचंद बेरवाल, राकेश सैनी, दारासिंह सोनी, अमरसिंह सैनी, विद्याधर पारीक, कृष्णलाल बोहरा, शिवनारायण मुंदलिया, रेवतराम साडेला ,भैराराम साडेला ,जयसिंह जोगपाल ,भागीरथ बेरवाल ,रोहिताश बेरवाल ,पर्वत साडेला ,मेघराज मास्टर, कमल शर्मा , कविता , डा. पूनम जोशी, पुनीता , मांगीलाल सिंहमार, राकेश कुमार , आशाराम कालवास, संजय काला, दिलीप, प्रकाश पारीक, चतुर्भुज सैनी, एडवोकेट हजारीराम सैनी सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। शिविर के सफल आयोजन पर डॉ. अंबेडकर सामाजिक एकता मंच के प्रदेश उपाध्यक्ष रोहिताश सैनी व प्रेरणा गर्ल्स कॉलेज के संचालक कमल शर्मा ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सिटी आँखों का हॉस्पिटल टीम का धन्यवाद ज्ञापित किया। हॉस्पिटल के संचालक आनंद सैनी ने बताया कि शिविर में आए आँखों के रोगियों के ऑपरेशन करवाने पर विशेष छूट दी जायेगी।

## क्यारी वाले हनुमान मंदिर में विशाल मेले का आयोजन

# नितेश ने 11 हजार की कामड़े की कुश्ती जीती महिलाओं ने निकाली विशाल कलशयात्रा

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** प्रागपुरा कस्बे के गुजेड़ा स्थित क्यारी वाले हनुमान मंदिर में श्री क्यारी वाले हनुमान मंदिर सेवा समिति नवयुवक मंडल व ग्राम जनता प्रागपुरा के तत्वावधान में विशाल मेला व कुश्ती दंगल का आयोजन हुआ। इस मौके पर कुश्ती दंगल में बड़ी संख्या में पहलवानों ने भाग लिया। कुश्ती दंगल के रैफरी कैलाश चंद कुलदीप व धर्मेन्द्र नाथ ने बताया कामड़े की अन्तिम कुश्ती 11 हजार की सतवीर नान गांव व नितेश कुमार बांस पहाड़ी के मध्य हुई। जिसमें नितेश कुमार विजेता रहे। इससे पूर्व प्रात मीणा वाले मौहल्ले से सैकड़ों लोगों ने हनूमान ध्वज पताका व 751 कलशों के साथ महिलाओं ने ग्राम के प्रमुख रास्तों से भव्य कलश यात्रा निकाली। यात्रा दोपहर को क्यारी वाले हनुमान मंदिर में जाकर विसर्जित हो गई तथा रात्रि में ओम म्यूजिकल ग्रुप भीलवाड़ा द्वारा भजन संध्या का आयोजन



किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी व ग्रामीणों के जनसहयोग से मंदिर महंत बद्रीदास महाराज ने मंदिर की विशेष साज सज्जा कर भगवान श्री हनुमान जी की मूर्तियों का विशेष श्रृंगार किया गया। साथ ही सुन्दरकाण्ड पाठ, भजन-सत्संग, यज्ञ-हवन व प्रसाद वितरण किया। पूर्व पुजारी सत्तू व भानू ने भी सहयोग किया। इस मौके पर मंदिर में हजारों की संख्या में बच्चे, महिलाएं व बुजुर्ग पहुंचे। जिन्होंने मंदिर में दर्शन कर कुशलता की दुआएं मांगी। इस दौरान राम रिछपाल मीणा, पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल, बजरंग लाल बंसल, संतोष बंसल, घासीलाल मीणा, अमर सिंह मीणा, श्याम सुंदर शर्मा, प्रदीप गोयल, अजय सैनी, शंकर पारिक, बिशम्बर दयाल हलवाई, राजेन्द्र यादव किड़ारोद, राकेश उर्फ लड्डू मीणा, राजेन्द्र जांगिड़, ओमप्रकाश मीणा, रामकुंवार मीणा, जयसिंह मीणा, महेश सैनी टैंटवाला, पप्पू स्वामी रामसिंह मीणा, अंजनी शर्मा समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# स्नेह, सम्मान और उल्लास के सेंट ग्रिगोरियस स्कूल में नर्सरी इंडक्शन एवं एचकेजी ग्रेजुएशन सेरेमनी का भव्य आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** सेंट ग्रिगोरियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, उदयपुर में आज नर्सरी इंडक्शन एवं एचकेजी ग्रेजुएशन समारोह बड़े उत्साह और गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ।

कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन से हुई, जिसके बाद उपप्राचार्य अनिल गोस्वामी ने स्वागत भाषण देते हुए अतिथियों, अभिभावकों और विद्यार्थियों का अभिनंदन किया। नर्सरी इंडक्शन सेरेमनी में नवप्रवेशित बच्चों का मंच पर औपचारिक स्वागत ट्री ऑफ ग्रोथ पर फ्लॉवर लगवा कर किया गया, जो विद्यालय परिवार में उनके पहले कदम का प्रतीक था। इसके पश्चात एचकेजी के विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। बच्चों द्वारा प्रस्तुत ग्रेजुएशन सॉन्ग और एक्शन सॉन्ग ने दर्शकों का मन



मोह लिया और वातावरण को उल्लासपूर्ण बना दिया। इस मौके पर एचकेजी के कुवीन सुथार और रिद्धिक पंवार ने अपने एचकेजी के अनुभवों को सबके साथ साझा किया,जिसका सबने भरपूर तालियों के साथ अभिनंदन किया। मुख्य अतिथि सिस्टर अमिता मोंटेरो, प्राचार्या सेंट मैरी स्कूल, तितरड़ी ने बच्चों को प्रेरणादायक संदेश देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती शुभा जोस ने नवप्रवेशी बच्चों को ग्रेगोरियस परिवार में स्नेहपूर्वक स्वागत किया और उन्हें आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक रेव. फादर वर्गीस थॉमस, सचिव सुभाष जॉर्ज एवं कोषाध्यक्ष एलेक्स चंगमन्निल, कमिटी मेंबर्स, स्टॉफ एवं विद्यार्थियों की कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यक्रम का समापन कार्यक्रम समन्वयक पंकज गेलड़ा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन एवं राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# कलश एवं शोभायात्रा के साथ आज समापन होगा पांच दिवसीय श्री श्री दत्तात्रेय भगवान मन्दिर, मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुण्डीय महायज्ञ का



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** श्री नांदेश्वर महादेव मंदिर निर्माण एवं विकास समिति द्वारा नाई गांव स्थित नांदेश्वर महादेव मंदिर में पांच दिवसीय श्री श्री दत्तात्रेय भगवान मंदिर,मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा एवं पंच कुण्डीय महायज्ञ का सोमवार को कलश एवं शोभायात्रा का समापन होगा।

समिति के भवानीशंकर पुजारी ने बताया कि आज चंडी यज्ञ का आयोजन किया गया जिसमें 31 यजमानों ने आहुतियां दी। इस अवसर पर भाजपा के पूर्व देहात जिलाध्यक्ष चन्द्रगुप्तसिंह चौहान,देहात सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के महामंत्री भवानीशंकर पुजारी,अशोक मालवीय,प्रदीप रवानी, सहित बड़ी संख्या में जनसैलाब मौजूद था। समारोह में आज स्थापित देव पूजन, हवन, चण्डीयाग, मन्दिर न्यास, मन्दिर स्नान, शय्याधिवास का आयोजन किया गया।रात्रि को 12 बजे तक रात्रि जागरण रहा। मुख्य आचार्य पुष्कर आमेटा,सह आचार्य किशन आमेटा ने विधि विधान पूर्वक आज सभी यज्ञ सम्पन्न करायें। गोगुन्दा, सलूम्बर,झाड़ोल के निवासियों ने भी यज्ञ में आहुतियां दी। रमेश आमेटा,हरिवल्लभ आमेटा,गुणवन्त कोठारी ने बताया कि कल अंतिम दिन 14 अप्रेल को कलश एवं शोभा यात्रा निकलेगी जो नोरा घाटी, चौकड़िया एवं झलार बावड़ी गाँव नाई से प्रात: 7 बजे से प्रारम्भ होगी। तत्पश्चात् कलश स्थापन, ध्वज दण्ड आरोहण, मूर्ति प्राणप्रतिष्ठाएवं अभिजित मुहूर्त में पूर्णाहूति होगी। दोपहर 1 बजे महाप्रसादी होगी।इस आयोजन में लगभग 10 हजार लोगों के भाग लेने की संभावना है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर पुलिस थाना साहवा में सुंदरकांड पाठ का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के पुलिस थाना में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर हनुमान जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। शनिवार रात्रि थानाधिकारी रामप्रताप के सानिध्य में गौसेवार्थ सेवा समिति के कलाकारों द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया। सुंदरकांड के शुभारंभ पर पण्डित सांवरमल द्वारा थानाधिकारी रामप्रताप के हाथों बालाजी महाराज की जोत जलाकर सुंदरकांड पाठ शुरू करवाया गया। हनुमान जन्मोत्सव की संध्या पर आयोजित सुंदरकांड पाठ कर क्षेत्र में सुख समृद्धि की कामना की गई। बड़ी संख्या में उपस्थित कस्बेवासियों ने भी सुंदरकांड का सामुहिक पाठ किया। गौसेवार्थ सेवा समिति के सदस्य किशन पारीक एण्ड पार्टी के बाल कलाकार ज्यौतषना व मानवी नें भी सुंदरकांड चौपाई की संगीतमय प्रस्तुतिया दी। सुंदरकांड के बाद भजन कीर्तन भी किया गया। राकेश सांकरोत, किशन पारीक, पण्डित सांवरमल, ज्यौतषना, मानवी पारीक द्वारा संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ किया गया। इस मौके पर एचएम कार्यालय के प्रभारी राजूसिंह, हैड़ कांस्टेबल बजरंग सिंह राठौड़, थाने के एफडब्लयू भूराराम बिजारणियां, कांस्टेबल राजेश छापोला, सुभाष पांडर, महेन्द्र स्वामी, पवन कुमार, महिला कांस्टेबल सुमन शर्मा, विनोद, कविता सहित कस्बे के जोगी आश्रम के मठाधीश जमनानाथ महाराज, डॉ रणधीर सिंह ढाका, ऑल इण्डिया पारीक महासभा दिल्ली के सदस्य विद्याधर पारीक, दीनदयाल जोशी, केशरीचंद धूंधावत, पवन पुजारी, कृष्णलाल बोहरा, आंनदसिंह शेखावत, कैलाश पारीक, कमल कामड़, गुलाब शर्मा, बनवारीलाल गील, प्रमोद उपाध्याय, सुभाषचंद्र उपाध्याय, बिजेंद्र जोशी, इन्द्रचंद पारीक, महेंद्र पारीक, विकास पारीक, मांगीलाल पारीक सहित पुलिस स्टाफ व कस्बेवासी मौजूद थे।

# राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी का भाजपा के कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** राजस्थान की उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी रविवार को श्रीमहावीरजी में आयोजित होने वाली भगवान महावीर स्वामी की वार्षिक मेले की रथ यात्रा में शामिल होने जा रही थीं। इस दौरान हिंडौन सिटी में उनका रुकना हुआ।जिलाध्यक्ष गोवर्धन सिंह जादौन के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने उपमुख्यमंत्री का चुनरी और फूल मालाओं से स्वागत किया। इस अवसर पर विधायक दर्शन सिंह गुर्जर भी मौजूद थे।कार्यक्रम में हिंडौन मंडल अध्यक्ष बबली चतुर्वेदी, महू मण्डल अध्यक्ष सतवीर तिघरिया और सूरौठ अध्यक्ष पिंटू सोलंकी सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हिंडौन देहात अध्यक्ष शिव गणेश जाट और खेड़ा मंडल अध्यक्ष गीता देवी भी कार्यक्रम में शामिल हुईं।पार्षद दिनेश सैनी ने मुकन्दपुरा में विकास कार्यों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा। इसमें सड़क निर्माण, सीसी रोड और स्कूल की चारदीवारी निर्माण जैसी प्रमुख मांगें शामिल थीं। भाजपा पदाधिकारियों ने जिले की अन्य समस्याओं से भी उपमुख्यमंत्री को अवगत कराया।

# भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया 06 अप्रैल 1980 को हुई थी पार्टी की स्थापना

बढ़ता राजस्थान

प्रागपुरा (सुशील कुमार बंसल)। कस्बे के आदर्श विद्या मंदिर स्कूल में शनिवार को प्रागपुरा मंडल अध्यक्ष विकास सिंह कैरोड़ी के निर्देशानुसार कार्यकर्ताओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी का 45 वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस मौके पर साप्ताहिक कार्यक्रम के सहसंयोजक मिंटू शर्मा द्वारा पूर्व जिला पार्षद ललित गोयल की अध्यक्षता में भारत माता, पण्डित श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पण्डित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्प अर्पित किये। कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुये गोयल ने कहा कि विगत 45 वर्षो में भाजपा ने देश में



राष्ट्रवाद की सोच को मजबुत करने एवं भाजपा सरकारों ने अन्त्योदय के मार्ग पर चलते हुये लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त किया है। कार्यक्रम सहसंयोजक मिंटू शर्मा ने भाजपा की रीति-नीति, पार्टी के उत्थान, वर्ष 1980 से अब तक पार्टी में आये बदलावों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि अटल बिहारी बाजपेयी को पार्टी का सर्वप्रथम अध्यक्ष चुना गया और हाल में देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कुशल नेतृत्व में विकसित राष्ट्र कि ओर अग्रेषित होकर निरन्तर प्रगति पर है।

# नियमों को ताक में रख नगर पालिका कपासन क्षैत्र में खड़े अवैध निर्माण जनता जनार्दन में बने चर्चा का विषय

## भूमाफियाओं के मंसूबों पर कब चलेगा पीला पंजा पूछता है कपासन

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भ्रष्टाचार एवं विभिन्न जन समस्याओं सहित प्रमुख रूप से क्षेत्र में तथाकथित राजनीतिक आकाओं के आश्रय तले भूमाफियाओ के हौंसले इतनी बुलंदी पर पहुंच चुके है ।जहां भूमाफियाओं द्वारा पालिका भूखंडों पर बेखौफ हुवे अवैध निर्माणों की सुध एवं जिम्मेदारी उठाते हुवे उक्त भूखंडों को अवैध निर्माणों से मुक्त कराने की क्षमता चहुंओर क्षीण प्रतीत होने लगी है। गौरतलब है कि नगर पालिका कपासन क्षैत्र में राज भाजपा करे या कांग्रेस मगर नगर पालिका की बेशकीमती जमीनों पर लगातार कुकुरमुत्तों की भांति हाथ पैर मारते भूमाफियाओं के झुंड क्षेत्र में शासन- प्रशासन के लिए चुनौती बनते जा रहे है ।यहां भूमाफियाओं को लगातार तथाकथित राजनीतिक क्षैत्र के चापलूस नेताओं का आश्रय प्राप्त होने से इनके हौंसले परवान है ।जहां किसी भी प्रकार की राजनीतिक एवं प्रशासनिक कार्यवाही का भूमाफियाओं में कोई भय नहीं है ।हाल-बदहाल तब ज्यादा हो जाते है ।जब भूमाफियाओं के गुर्गे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अपनी दबंगई का परिचय देकर कहते दिखाई देते है कि इस प्रकार निर्माण करने में दम लगता है। कमोबेश सूत्रों की माने तो क्षेत्र में हालात ऐसे है ।जिसमे गरीब एवं मध्यमवर्गीय अथवा बिना राजनीतिक आश्रय वाला व्यक्ति अपने निर्माण में थोड़ी कमी रख दे या निर्माण संबंधी इतिश्री प्रक्रिया थोड़ी लंबित रह जाए तो तुरंत कार्यवाही अमल में आती है ।परंतु नगर पालिका कपासन क्षैत्र में कतिपय नेताओं के आश्रय तले नियम कानून कायदे सभी को ताक में रखकर अवैध निर्माण पूर्ण कर लिए जाते हैं ।इसके बाद सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर भूमाफियाओं के गुर्गे दबंगई का गुणगान करते दिखाई देते है ।जिसमे निर्माण करने में दम लगता है जैसी चर्चाएं व्याप्त रहती हैं ।क्षैत्र में अवैध निर्माणों पर कार्यवाही के अभाव में भूमाफियाओं के बुलंद हौंसले चहुंओर हतप्रभ वाली स्थिति का संचार करते प्रतीत होते है ।जहां से किसी भी प्रकार की कार्यवाही दूर-दूर तक अमल में आती दिखाई नहीं देने से क्षेत्रीय आमजन में रोष व्याप्त है।

बहरहाल नगर पालिका कपासन क्षेत्र में विगत लंबे समय से भ्रष्टाचार,जन समस्याओं आदि के साथ नगर के राजमार्ग स्थित एक भूखंड पर कतारबद्ध बने प्रतिष्ठान चर्चा का विषय बने हुवे है ।साथ ही कतारबद्ध बने उक्त प्रतिष्ठानों के निर्माण को ध्वस्त कर क्षेत्र में भूमाफियाओं की दबंगई को मुंह तोड़ जवाब देने जैसी चर्चाओं की सुगबुगाहट जनता जनार्दन में परवान बनी हुई है। इधर क्षेत्रीय जनता जनार्दन एवं राजनीतिक गलियारों में चर्चा बाद उक्त निर्माण संबंधी विस्तृत जानकारी का संकलन किया जा रहा है ।जिससे उक्त निर्माण संबंधी विस्तृत जानकारी से आमजन लाभान्वित हो सके।




# भारत विकास परिषद कपासन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने समारोहपूर्वक दायित्व ग्रहण किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** भारत विकास परिषद कि नवीन कार्यकारिणी के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों द्वारा शनिवार सांय समारोहपूर्वक दायित्व ग्रहण किया गया ।जिसमे परिषद के नवनियुक्त पदाधिकारियों को शपथ दिलाई गयी। भारत विकास परिषद कपासन सदस्य कमल कुमार दाधीच ने बताया कि भाविप पदाधिकारियों हेतु आयोजित दायित्व ग्रहण समारोह में क्षेत्रीय महासचिव संदीप बाल्दी,प्रांतीय अध्यक्ष मयंक दोषी,क्षेत्रीय संयोजक पर्यावरण प्रशांत व्यास,प्रांतीय सचिव कमल जैन आदि गणमान्यजन अतिथि रूप में उपस्थित रहे ।कार्यक्रम का शुभारंभ माँ भारती एवं स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया ।भारत विकास परिषद सदस्य सुरेश पलोड द्वारा राष्ट्र वंदना वन्दे मातरम् गीत के गायन पर अतिथियों द्वारा उपरना,मेवाडी पाग एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया ।इस दौरान भाविप कपासन सचिव नंदलाल बोहरा द्वारा वर्ष 2024-25 का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथि संदीप बाल्दी द्वारा नवीन कार्यकारिणी अध्यक्ष कपासन भगवतीलाल सोमानी,सचिव नन्दलाल बोहरा एवं कोषाध्यक्ष रमेशचन्द्र विजयवर्गीय को शपथ दिला दायित्व ग्रहण प्रक्रिया को पूर्ण किया गया ।प्रांतीय अध्यक्ष मयंक दोषी ने नवीन मनोनीत सदस्यों को शपथ एवं क्षेत्रीय संयोजक कमल जैन द्वारा 11 नवीन सदस्यों को शपथ दिलाई गयी।

इसके उपरांत कार्यक्रम में सोहनलाल उपाध्याय, पेंशनर समाज अध्यक्ष रामनारायण शर्मा,समाजसेवी रामप्रकाश सोमानी,बार अध्यक्ष राधेश्याम वैष्णव,योग गुरु श्यामलाल पंवार,पत्रकार रघु लौहर आदि गणमान्यजनों का उपरना ओढ़ाकर सम्मान किया गया ।अंत में नवनिर्वाचित अध्यक्ष भगवतीलाल सोमानी द्वारा आभार किया गया ।इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में भारत विकास परिषद के बादशाह सिंह,राजेंद्र काबरा,मूलचंद कुमावत,महेंद्रमोहन दाधीच,ओमप्रकाश न्याती,अशोक गौड़,आशा जोशी, रोशनलाल विजयवर्गीय आदि परिषद सदस्य एवं कार्यकर्ताओं सहयोगी रहे ।उक्त कार्यक्रम का संचालन राहुल जैन द्वारा किया गया।

# आज कपासन में भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

## सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री करेंगे डॉ. अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** भारत रत्न एवं संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण बाबा साहेब की 134वीं जयंती के अवसर पर आज सोमवार प्रात: 9.30 बजे समारोहपुर्वक किया जायेगा।

नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजुदेवी सोनी ने बताया कि विधायक अर्जुनलाल जीनगर के निर्देशन में नगर के चित्तौड़ मार्ग स्थित अम्बेडकर भवन मे नगर पालिका द्वारा सोमवार को भारत रत्न एवं संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा का अनावरण राजस्थान सरकार के सहकारिता एवं नागरिक उड्डयन मंत्री स्वतन्त्र प्रभार गौतम दक द्वारा प्रात: 9.30 बजे किया जायेगा ।इस समारोह में चित्तौड़गढ़ सांसद सीपी जोशी,कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर,भाजपा जिलाध्यक्ष रतनलाल गाडरी आदि जनप्रतिनिधि एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे ।इस दौरान उपजिला चिकित्सालय कपासन में हिमोडायलीसिस इकाई का उद्घाटन भी होगा। इधर क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर,भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष पंकज सिरोया,नगर पालिका उपाध्यक्ष एजाज अली द्वारा नगर क्षेत्र के गणमान्यजनों एवं आमजन से संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की प्रतिमा के अनावरण समारोह में भाग लेने हेतु विनम्र आग्रह किया गया है।

साथ ही उक्त कार्यक्रम की अंतिम तैयारियों को लेकर नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,नपा उपाध्यक्ष एजाज अली,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष नन्दकिशोर टेलर,नपा कनिष्ठ अभियन्ता खेमराज गुर्जर,नगर पालिका पार्षद अशोक विजयवर्गीय,किसान मोर्चा अध्यक्ष शंभुलाल बागडा,युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा,शंकर माली,नपा वरिष्ठ सहायक गोपाल सुथार,नपा कनिष्ठ सहायक सचिन सोनवाल आदि नगर पालिका जनप्रतिनिधियो एवं कार्मिकों द्वारा रविवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया तथा अंतिम तैयारियों संबंधी में आवश्यक निर्देश दिए गये।

# बिजली आपूर्ति को लेकर ऊर्जा राज्य मंत्री ने ली समीक्षा बैठक गर्मियों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** ऊर्जा राज्य मंत्री हीरालाल नागर ने रविवार को पंचायत समिति के सभागार में चित्तौड़गढ़ एवं प्रतापगढ़ जिले के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने आगामी गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए किसानों एवं आमजन को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने ठेकेदारों की लापरवाही पर सख्ती दिखाते हुए ऐसे मामलों में नोटिस जारी करने के भी निर्देश दिए। बैठक में ऊर्जा राज्य मंत्री ने कहा कि कृषि विभाग की बकाया फाइलें भी जून-जुलाई तक जल्द पूरी करवाई जाएगी। इस अवसर पर सांसद सी.पी. जोशी ने राज्य में बीते एक वर्ष में बेहतर बिजली आपूर्ति की सराहना करते हुए ऊर्जा मंत्री से अनुरोध किया कि किसानों को और भी बेहतर सेवाएं दी जाएं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने सिंहपुर, गोरा जी का निम्बाहेड़ा सहित विभिन्न गांवों में बिजली समस्याओं की जानकारी दी, वहीं चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने पांडोली में 132 केवी जीएसएस व अरनियापंथ की कार्य क्षमता बढ़ाने की आवश्यकता बताई। बेगूं विधायक सुरेश धाकड़ ने भी अपने विधानसभा क्षेत्र में समय पर ओर गुणवत्तापूर्ण बिजली आपूर्ति एवं जीएसएस की क्षमता बढ़ाने की बात कही।

इस बैठक में जिला प्रमुख गब्बर सिंह, पूर्व विधायक अशोक नवलखा, एमडी के.पी. वर्मा, उदयपुर जोनल चीफ इंद्रराज सिंह, अतिरिक्त जिला कलक्टर (भू.अ.) रामचंद्र खटीक, चित्तौड़गढ़ अधीक्षण अभियंता रामसिंह यादव, प्रतापगढ़ अधीक्षण अभियंता राजकुमार अग्रवाल सहित दोनों जिलों के कई अधिकारी उपस्थित रहे।

# डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर गोष्ठी कर निकाली वाहन रैली



बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** बूंदी में भारतीय जनता पार्टी के 46 वें स्थापना दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत संविधान निर्माता डॉ.भीमराव अंबेडकर जी की 134 वीं जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार को संगोष्ठी का आयोजन आजाद पार्क में हुआ, इस दौरान कार्यक्रम के प्रदेश संयोजक मोती लाल, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष रामेश्वर मीणा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष नूपुर मालव, पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल, कुंज बिहारी बिल्या, पूर्व विधायक ओम प्रकाश शर्मा, कार्यक्रम जिला संयोजक राकेश बॉयत, शहर अध्यक्ष राजकुमार श्रृंगी, पूर्व उप जिला प्रमुख आशा मीणा, संजय लाठी , अमित निंबार्क, सह संयोजक गीताराम मीणा सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे । सभी अतिथियों ने बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के वर्णन पर प्रकाश डाला, व सप्ताह भर संपूर्ण जिले में के गांव गांव ठानी ठानी में गोष्ठी करके बाबा साहब की अलख जगाने का संकल्प किया । भारतीय जनता पार्टी का काग्रेश पर आरोप लगाते हुवे कहा कि काग्रेश सिर्फ सत्ता करने आती हैं । कांग्रेस वोटो के लिए एससी एसटी लोगों को आरक्षण के नाम पर डरा कर वोट प्राप्त करती हैं । गोष्ठी का संचालन कार्यक्रम सह संयोजक ओम धकाल ने किया। गोष्ठी के पश्चात वाहन रैली निकाली गई, वाहन रैली में भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद , बाबा साहब जिंदाबाद के नारे शहर भर में गूंजे । वाहन रैली लंका गेट चौराहा अंबेडकर सर्किल पर पहुंची जहां डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी प्रतिमा के समक्ष दीपदान किया गया हैं। वाहन रैली का नेतृत्व निर्मल मालव , अर्चना हाड़ा , रजनी छाबड़ा, पेंशु सिंह, ललिता नुवाल, पप्पू गुजर, लादू गुजर, सहित कई महिला पुरुष शामिल रहे ।

पुलिस ने दिया मानवीयता और संवेदनशीलता का परिचय

# अनयित्रिंत होकर पलटी कार एक बालिका सहित 4 घायल



### एडीशनल एसपी उमा शर्मा अपने वाहन में घायलो को लेकर आई अस्पताल

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच ) ।** रविवार दोपहर बूंदी से कोटा जा रहे बूंदी के भारत नगर निवासी परिवार के चार सदस्य सदर थाना क्षेत्र के रामगंज बालाजी हाईवे पर कार अनियंत्रित होकर पलटने से घायल हो गये जिनका जिला अस्पताल मे उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बूंदी के भारत नगर निवासी गोस्वामी परिवार के सदस्य पारिवारिक कार्यक्रम मे शामिल होने कोटा जा रहे थे इसी बीच उनकी कार अनियंत्रित होकर सडक किनारे खाई मे गिर गई जिससे कार मे सवार राधा गोस्वामी 65 वर्ष, स्वागत गोस्वामी 47 वर्ष, उमा शर्मा 45 वर्ष पत्नी स्वागत गोस्वामी, पुत्री निहारिका 7 वर्ष घायल हो गये। इसी दौरान वहां गुजर रही अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमा शर्मा ने संवेदनशीलता व मानवता का परिचय देत हुये अपनी गाडी रूकवाई और अपने स्टाफ के घायलो की मदद के लिये दौडी और घायलो को कार से बाहर निकलवाकर घालयो को स्वयं अपनी कार से लेकर जिला अस्पताल पुहंची।

# शौर्य एंव उत्साह से मनाया वीर बजरंगी का जन्मोत्सव शोभायात्रा के नजारे देखने उमड़ा जन सैलाब

बढ़ता राजस्थान

**नैनवां,( टी.आर सैनी )।** हनुमान जन्मोत्सव को लेकर शहर में देर रात्रि तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में उत्साह,उमंग एंव धार्मिक माहौल बना रहा। स्थानीय एंव बाहर से आये कलाकारो ने अपनी कलाओ का अद्भूत नजारे दिखाये गये। हनुमान जयंती में हजारो लोगो ने भाग लिया। सांय को टोडापोल महाआरती के बाद भव्य शोभायात्रा की शुरूआत हुई। जिसमें घुड़ सवार सबसे आगे धर्म ध्वज लेकर चल रहा था। इसके पीछे भजनो की सरिता में युवक झूमते हुए चल रहे थे। शोभायात्रा में बाहुबली हनुमान, शिव बारात,व अखाड़े बाजों द्वारा दिखाये गये करतब विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। शहर के लोगो ने शोभायात्रा का पुष्प् वर्षा करके स्वागत किया। शोभायात्रा में पूर्व मंत्री व विधायक अशोक चांदना बजरंग दल के जिला संयोजक लक्की



चोपड़ा हनुमान जन्मोत्सव कार्यक्रम के संयोजक अंकित मारवाड़ी समिति के अध्यक्ष अरविंद अटल सोनी पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पुखराज ओसवाल अन्य प्रमुख लोग शामिल हुए। मुख्य बाजार के प्रमुख स्थानो पर करतब दिखाते हुए शोभायात्रा राजघाट बालाजी पहुॅची जहां महाआरती के बाद प्रसाद वितरण किया गया। शोभायात्रा में पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहे।

# श्री हनुमान जन्मोत्सव किए मंदिरों में देव दर्शन, खुशहाली की कामना की

बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा (नि.स.)।** शनिवार को श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी ने जनप्रतिनिधियों के साथ नगर एवं क्षेत्र के मंदिरों में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेकर देव दर्शन किए तथा क्षेत्र में खुशहाली की कामना की। विधायक कृपलानी ने पूर्व विधायक अशोक नवलखा, भाजपा नगर अध्यक्ष कपिल चौधरी, वरिष्ठ भाजपा नेता वीरेश चपलोत, महामंत्री देवकरण समदानी, कमलेश बनवार आदि के साथ नगर के मोती बाजार स्थित प्राचीन श्री हनुमान मंदिर में दर्शन कर आर्शीवाद लिया। यहां श्री हनुमान मंदिर की ओर से ललित प्रकाश शारदा, श्याम सुन्दर मूंदड़ा, चन्द्र मोहन गुप्ता, आलोक सोमानी, राकेश खण्डेलवाल, दीपक चेचाणी, दीपक शारदा, अमन सेन आदि ने विधायक कृपलानी सहित जनप्रतिनिधियों का उपरना ओढ़ाकर स्वागत किया। इसी क्रम में नीमच मार्ग पर विश्राम घाट स्थित श्री इच्छापूर्ण बालाजी मंदिर पर बालाजी के दर्शन किए तथा क्षेत्र में खुशहाली की कामना की।

# 14 अप्रैल को आयुष्मान आरोग्य शिविरों का होगा आयोजन आमजन को मिलेगी व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा, ( अमित शर्मा )।** आयुष्मान भारत हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स (आयुष्मान आरोग्य मंदिर) की 7वीं वर्षगांठ के अवसर पर 14 अप्रैल को जिलेभर में विशेष आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा वर्ष 2018 में शुरू की गई योजना की सातवीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। इस अवसर पर व्यापक स्तर पर स्वास्थ्य सेवाएं आमजन को मुहैया कराई जाएंगी।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सी. पी. गोस्वामी ने बताया कि शिविरों का उद्देश्य आमजन को सार्वभौमिक प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाएं सुलभ करवाना है। इस दिन जिले के समस्त आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (पीएचसी, यूपीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्र, शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर) पर विशेष गतिविधियों का आयोजन सुनिश्चित किया गया है।

**शिविर में आयोजित होने वाली गतिविधियां :** शिविर में आमजन और जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित कर रोगियों का पंजीकरण किया जाएगा। गैर-संचारी रोग जैसे हाइपरटेंशन, डायबिटीज, टीबी और सिकलसेल जैसे रोगों की स्क्रीनिंग होगी। नागरिकों के लिए आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के अंतर्गत आभा आईडी बनाई जाएगी। विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। आवश्यक दवाइयां और जांचें नि:शुल्क उपलब्ध कराई जाएंगी। ज़रूरत होने पर टेली-कंसल्टेशन के माध्यम से विशेषज्ञ डॉक्टरों की परामर्श सेवाएं दी जाएंगी। योग सत्रों का भी आयोजन होगा। मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य यानी मा योजना में पंजीकरण किया जाएगा।

सभी चिकित्सा अधिकारी आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को निर्देशित किया गया है कि शिविरों की रिपोर्टिंग एवं फोटोग्राफ 'आयुष्मान भारत-आयुष्मान आरोग्य मंदिर पोर्टल' पर अनिवार्य रूप से अपलोड की जाए। सीएमएचओ डॉ. गोस्वामी ने आमजन से आग्रह किया कि वे इन शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाएं।

# राजसमंद में अर्द्ध रात्री में बदला मौसम

## तेज अंधड़ और बारिश से बढ़ी किसानों की चिंता, खेतों में सुखाया बारिश से भींगी फसल को

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** शहर सहित जिलेभर में बीती रात मौसम ने अचानक करवट ली। मध्यरात्रि के बाद तेज अंधड़ के साथ कई इलाकों में बारिश हुई। जिले में कहीं तेज तो कहीं मध्यम स्तर की बारिश दर्ज की गई, जिससे मौसम में अचानक बदलाव आ गया। तेज हवाओं के कारण कई स्थानों पर धूल का गुबार छा गया और कुछ इलाकों में पेड़ों की टहनियां भी टूटने की सूचना है। इस अप्रत्याशित मौसम परिवर्तन के कारण जिले के तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई हैए जिससे वातावरण में ठंडक महसूस हो रही है। हालांकि, इस बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। खेतों में कटाई के बाद रखी हुई गेहूं की फसल के भीगने की आशंका से किसान परेशान हैं। यदि बारिश जारी रहती है तो किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है। किसान अपनी कटी हुई फसल को बचाने के लिए प्रयास करते देखे गए। मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव पश्चिमी विक्षोभ के कारण हुआ है। आने वाले कुछ घंटों में मौसम की स्थिति पर नजर रखी जा रही है और किसानों को सलाह दी गई है कि वे अपनी फसल को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने का प्रयास करें। इस अचानक बदले मौसम ने जिले के जनजीवन पर भी कुछ हद तक प्रभाव डाला है। इसके अलावा खेतों में फसल कटी हुई रखी है, बारिश होने के बाद किसान पुत्रों को फसल बर्बाद होने का डर ता रहां है। इधर देर रात हुई बारशि के बाद शनिवार सुबह किसान खेतों में पहुंचे तो फसल पूरी भींगी हुई थी, जिसे धूप निकलने पर किसानों खेतों में सुखाई। शुक्रवार की रात जिले में मौसम ने अचानक करवट ली। दिनभर गर्मी और उमस से जूझ रहे लोगों को देर रात चली तेज आंधी और हल्की बूंदाबांदी से थोड़ी राहत जरूर मिलीए लेकिन आने वाले दिनों में फिर से गर्मी के तीखे तेवर देखने को मिल सकते हैं।

**सुबह सुहाना रहा मौसम :** एक दिन पहले शुक्रवार शाम ढलने से ही हल्की हवाएं चल रही थीं, जो धीरे-धीरे तेज होती गईं और देर रात करीब डेढ़ बजे के बाद तेज आंधी में तब्दील हो गईं। हवाओं की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रिकॉर्ड की गई। इसी के साथ कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी भी दर्ज की गई। आसमान में मेघ गर्जना के साथ आकाशीय बिजली भी चमकती रही, जिससे माहौल कुछ देर के लिए डरावना सा हो गया। इस गिरावट के बाद शनिवार सुबह का मौसम सुहावना रहा। सुबह हल्के बादल छाए रहे, जिससे वातावरण में हल्की नमी बनी रही। हालांकि बाद में सूरज निकलते ही बादल छंट गए और मौसम फिर से साफ हो गया।

**वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर :** मौसम विभाग के अनुसार यह बदलाव एक नई वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के प्रभाव से हुआ है। पश्चिमी विक्षोभ के कारण हवा की दिशा और गति में परिवर्तन हुआ, जिससे स्थानीय स्तर पर आंधी और बारिश जैसी गतिविधियां देखने को मिलीं। विभाग का कहना है कि शनिवार के बाद रविवार को भी इसका असर बना रहेगा और कुछ स्थानों पर हल्की बारिश और तेज हवाएं चल सकती हैं। हालांकि यह प्रभाव ज्यादा देर नहीं टिकेगा।

**हीटवेव से मिलेगी थोड़ी राहत :** बीते कुछ दिनों से राजसमंद सहित पूरे राजस्थान में हीटवेव का प्रभाव देखने को मिल रहा था। दोपहर के समय गर्म हवाएं चल रही थीं और तापमान लगातार 40 से 41 डिग्री के बीच झूल रहा था। शुक्रवार रात को आई आंधी और बूंदाबांदी ने इस स्थिति में थोड़ी राहत दी है। मौसम ठंडा तो नहीं हुआ, लेकिन हवाओं के कारण तापमान में आई गिरावट ने आम लोगों को राहत जरूर पहुंचाई है। शहरवासियों का कहना है कि पिछले कुछ दिनों से घरों में दिन के समय कूलर और एसी भी बेअसर हो रहे थे। बाहर निकलना मुश्किल हो गया था। लेकिन शुक्रवार की रात की हवा ने वातावरण को थोड़ा आरामदायक बना दिया।

### आने वाले दिनों में फिर बढ़ेगा तापमान

हालांकि यह राहत ज्यादा समय तक टिकने वाली नहीं है। मौसम विभाग के अनुसारए 14 अप्रैल से फिर से मौसम साफ और शुष्क हो जाएगा। हवा की गति सामान्य हो जाएगी और तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी देखी जाएगी। इसके साथ ही 15 और 16 अप्रैल से एक बार फिर हीटवेव का नया स्पेल शुरू होने वाला है, जिसके चलते तापमान में तेज उछाल आएगा। विभाग ने चेतावनी जारी की है कि इस दौरान अधिकतम तापमान 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। ऐसे में लोगों को दिन के समय धूप में बाहर निकलने से बचने की सलाह दी गई है। बुजुर्गों, बच्चों और बीमार व्यक्तियों को खासतौर से सतर्क रहने की जरूरत है।

# भीलवाडा जिले में 14 अप्रैल भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती बड़े हर्षो उल्लास एवं धूमधाम से मनाई जाएगी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** जिले के शाहपुरा मोतीलाल सिंघानिया में बताया कि भीलवाडा जिले के अनेक स्थानों पर 14 अप्रैल डॉ भीमराव अंबेडकर जयंती की तैयारी बड़े जोर शोर से की जा रही है भीलवाड़ा शहर में अलग अलग मार्गो से होते हुए शोभा यात्रा निकाली जायेगी और सभा आयोजित की जायेगी भीलवाड़ा में जिलास्तरीय रैली सांगानेरी गेट से शुरू होकर धानमंडी, बड़ा मंदिर,भीमगंज थाना, महाराणा टॉकीज, सूचना केंद्र, गोल प्याऊ चौराहा होते हुए डॉ अंबेडकर सर्किल रेलवे स्टेशन पहुंच, बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करके रैली पर आमसभा में परिवर्तित होगी।

**दुर्गा लाल भीम आर्मी जिला उपाध्यक्ष(भीलवाड़ा) ने बताया की**

काछोला में लक्ष्मणगढ़ चौराहे पर सुबह 10 बजे से 12 बजे रेली चालू होगी। वहां पर खजुरी से खटवाड़ा बीगोद त्रिवेणी मांडलगढ़ से रैली काछोला पहुंचेगी महुवा से आदि रेलियां काछोला पहुंचते ही बाजार से काछोला होकर 2 बजे सवारियां रिसोर्ट में आम सभा आयोजित होगी ।

**सुरेश चंद्र घुसर अंबेडकर विचार मंच(शाहपुरा) ने बताया कि**

डॉ भीमराव अम्बेडकर की 134 वी जयंती फुलिया गेट शाहपुरा से 10बजे से रवाना हो कर बालाजी की छतरी होते सादर बाजार से त्रिमूर्ति मूर्ति से अम्बेडकर स्मारक पर बाबा साहेब डॉ भीमराव अम्बेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर सभा में आयोजित होगी इसमें कोठियां सांगरिया अरवड डियास खमोर राज्यास कनेछन कलां बासेड़ा रहड़,बच्छखेडा आदि गांव शाहपुरा में आयेंगे ।

# परिचित ने पीछा कर महिला से की छेड़छाड़

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गांधी नगर थाना इलाके में परिचित युवक द्वारा एक महिला से छेड़छाड़ करने का मामला सामने आया है। पीछा करते हुए आरोपी परिचित ने रास्ते में उसको साथ अश्लील हरकत की। विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी भाग निकला। पीड़ित महिला ने थाने में मामला दर्ज करवाया। हेड कांस्टेबल गिरधारी लाल ने बताया कि गांधी नगर की रहने वाली 37 वर्षीय महिला ने मामला दर्ज करवाया है कि परिचित होने के कारण वह आरोपी को जानती है। आरोप है कि वह अपनी जॉब पर जा रही थी। इस दौरान आरोपी परिचित ने पीछा कर रास्ते में उसे रोक लिया। बीच रास्ते में रोककर आरोपी ने उसके साथ छेड़छाड़ की। अश्लील हरकत करने का विरोध कर शोर मचाने पर आरोपी वहां से भाग गया। उसके बाद उसके घरवालों को आरोपी की करतूत बताने गई। वहां उसके परिजनों ने उसके साथ मारपीट की। थाने में पीड़िता ने मामला दर्ज करवाया।

# नौकर घर से तीन लाख के जेवरात लेकर फरार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** गांधी नगर थाना इलाके में नौकर घर से तीन लाख रुपए के जेवरात लेकर फरार हो गया। पीडित ने नौकर को छह दिन पहले ही काम पर रखा था। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया कि नौकर का मालिक ने वेरिफिकेशन नहीं करवाया था। जांच अधिकारी एएसआई राजसिंह के अनुसार जेकेडी लैंडमार्क बिल्डिंग के 702 नम्बर फ्लेट में रहने वाले हेमलता ऐलानी ने मामला दर्ज करवाया कि उसने 3 अप्रैल को फ्लैट नंबर 701 में रहने वाले सास ससुर की देखभाल करने के लिए परिचित बाबू नगर निवासी राम मेहरा के परिचित संदीप चौधरी को 3 अप्रैल को काम पर रखा था। 9 अप्रैल को उसने किसी काम से जाने की कहकर सामान लेकर चला गया। जब जांच की तो सामने आया कि सास के जेवरात गायब है। इस पर आरोपी से सम्पर्क करने का प्रयास किया तो उसका मोबाइल बंद आया। आरोपी घर से तीन लाख रुपए जेवरात लेकर चला गया। आरोपी घर से सास से दो सोने के कंगन ले गया। इस पर पीडिता थाने पहुंची और मामला दर्ज करवाया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ठगी का आरोपी गिरफ्तारः रेलमगरा पुलिस ने आरोपी को सूरत से गिरफ्तार किया

बढ़ता राजस्थान

राजसमंद (सुरेश बागोरा)। राजसमंद में रेलमगरा पुलिस ने ऑन लाईन धोखाधड़ी के आरोपी को सुरत से गिरफ्तार किया। रेलमगरा थाना इंचार्ज सोनाली शर्मा के अनुसार राजसमंद में वांछित, फरार व वारंटियों को पकड़ने के लिए पुलिस अधीक्षक मनीष त्रिपाठी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है।इस क्रम में रेलमगरा पुलिस थाना सर्कल में भी फरार व वारंटियों को चिह्नित कर धरपकड़ के लिए विशेष अभियान चलाया गया। जिसमें एएसआई जगदीश चन्द्र के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। रेलमगरा थाना सर्कल में धोखाधड़ी के मामले में पिछले 3 साल से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता मिली है। पुलिस ने आरोपी दूधवाला फुरकान (35) पुत्र मोहम्मद सिद्धिक निवासी लुहार शेरी संग्रामपुरा पुलिस थाना अठवा, जिला सूरत को दबिश देकर गिरफ्तार किया। थाना इंचार्ज सोनाली की टीम में एएसआई जगदीश चन्द्र, कॉन्स्टेबल धर्म सिंह, राहुल शामिल थे।

# राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय चुनाव दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने शेर सिंह चौहान



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय चुनाव मंडफिया सांवरियाजी जिला चित्तौड़गढ़ में हुए ।शेर सिंह चौहान लगातार दूसरी बार प्रदेश अध्यक्ष बने। प्रदेश सभाध्यक्ष रामप्रताप मीणा, प्रदेश परिवाद समिति के अध्यक्ष इंद्रराज जाखड़ निर्विरोध चुने गये । चुनाव समिति के अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा ने बताया कि सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। निर्वाचन प्रक्रिया में सभी जिलों से आए हुए प्रदेश महासमिति सदस्यों ने भाग लिया। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष जगन वर्मा ने शपथ दिलाई। निर्वाचन प्रक्रिया के बाद प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने समस्त सदस्यों और जिला अध्यक्षों की सहमति से प्रदेश संयोजक संघर्ष समिति के अध्यक्ष जवरी लाल प्रजापत, प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष रणवीर यादव,प्रदेश महामन्त्री गोपाल मीणा,महिला संयोजिका कृष्णा यादव को मनोनीत किया ।राजसमंद जिले से महेंद्र सिंह चुंडावत, दिनेश चंद्र खटीक, मनोज कुमार शर्मा, भगवत आमेटा, रामचरण सिंह चुंडावत, संजू शर्मा, राजाराम यादव, कृष्णा यादव आदि ने भाग लिया । यह सूचना जिला मंत्री दिनेश चंद्र खटीक ने दी।

# एक दर्जन कैफे, रेस्टोरेंट व होटलों पर पुलिस ने दी दबिश

## कैफे में मिले छात्र छात्राओं को करवाया पाबंद, पुलिस ने छात्राओं के परिजनों को की शिकायत

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ग्रामीण ( के एम कुरेशी )।** स्कूल कॉलेजों में पढ़ने वाले विद्यार्थी कैफे, कापी हाउस, साइबर कैफे, रेस्टोरेंट, होटलों में जमा रहने के कारण लड़कियों की बढ़ती गुमशुदगी की की घटनाओं को देखते हुए भीलवाड़ा पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र के निर्देशानुसार शाहपुरा पुलिस ने सर्किल अधिकारी ओम प्रकाश बिश्नोई के नेतृत्व में शनिवार को शाहपुरा क्षेत्र के कई कैफे, कापी हाउस, साइबर कैफे, रेस्टोरेंट, होटलों में अचानक दबिश दी।

पुलिस उपाधीक्षक ओम प्रकाश विश्नोई ने यह जानकारी देते हुए बताया कि डिवाइस के दौरान कैफे हाउस में छात्र छात्राएं एक साथ मिलने पर छात्रों को तत्काल प्रभाव से 151 के तहत कार्रवाई कर पाबंद किया। वहीं लड़कों के साथ मिली छात्राओं के परिजनों से तत्काल बात कर उनको जानकारी दी। विश्नोई ने बताया कि प्रदेश में पढ़ाई करने के दौरान छात्र छात्राओं की केफ़े हाउस, साइबर कैफे, रेस्टोरेंट था होटलों में एक साथ लंबे समय तक रहने से लड़कियों के गुम होने के मामले बढ़ने से पुलिस मुख्यालयों से आए निर्देशों की पालना कर विद्यार्थियों को अध्ययन करने तथा कैफे हाउस में समय नहीं बिताने को लेकर समझाइश की जाने का अभियान चलाया जा रहा है। विश्नोई ने बताया कि इस तरह कैफे, रेस्टोरेंट, होटलों में कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।




# संविधान निर्माता भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय कस्बे सहित आस पास के गांवों में सोमवार को संविधान निर्माता भारत रत्न डा.भीमराव अम्बेडकर की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी। अम्बेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर रविवार रात्रि को कस्बे के वीर बगड़ावत बस स्टैंड स्थित अम्बेडकर प्रतीमा के समक्ष दीप दान किया गया। इस अवसर पर भाजपा नेता सुभाष वर्मा, तुलसीराम खींची, संजय लोढ़ा, महेश वैष्णव, अमरचंद खींची, श्री सनातन धर्म मंडल पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र खींची व राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय के पदाधिकारियों ने दीपदान किया।

# अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर बाबा साहेब की प्रतिमा के समक्ष किया दीप प्रज्वलित



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर( धीरज मौर्य )।** भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर बानसूर हरसोरा चौक पर अंबेडकर सर्किल स्थित बाबा साहेब अम्बेडकर की प्रतिमा पर बानसूर भाजपा मंडल के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्पांजलि अर्पित की और उन्हें नमन किया। इस मौके पर डॉ शशिकांत बोहरा, सजन मिश्रा, नरेंद्र चौधरी राकेश सिंघल,ओमपाल राज चौहान, अनिल सिंघल, माल सिंह,संदीप जाट, प्रकाश गुर्जर सुरेंद्र सिंह चौहान राजकुमार गुर्जर योगेश सोनी मुकेश सुरेला, रखी गुप्ता, हेमलता सिसोदिया, सहित काफी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भिनाय में श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास से हुआ सम्पन्न

बढ़ता राजस्थान

**अजमेर ( घनश्याम दास )।** अजमेर जिले के भिनाय में श्री सनातन धर्म मंडल भिनाय के तत्वावधान में श्री हनुमान जन्मोत्सव समारोह हर्षोल्लास व सानंद सम्पन्न हुआ। श्री सनातन धर्म मंडल भिनाय के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय समारोह के तहत प्रथम दिवस शुक्रवार को श्री कुंड वाले बालाजी मंदिर स्थान पर भजन संध्या कार्यक्रम के दौरान भजन गायक कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक धर्म, भक्ति भाव युक्त धार्मिक व आध्यात्मिक भजनों की संगीतमय प्रस्तुतियां देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध व भाव विभोर कर दिया।

इसी श्रृंखला में समारोह के द्वितीय दिवस सुबह इसी मंदिर स्थान पर श्री मानस मंडल भिनाय के तत्वावधान मे संगीतमय श्री सुंदर काण्ड पाठ का सामूहिक रूप से भव्य, दिव्य, सुन्दर, मनभावन,मनोरम आयोजन किया गया।

इसी श्रृंखला में इसी दिवस चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री हनुमान जन्मोत्सव पर स्थानीय श्री कुंड वाले बालाजी मंदिर धार्मिक स्थान से देर शाम गाजे बाजों मय डी जे की संगीतमय उच्च आवाज़ युक्त भक्ति भाव मय भजनों की धुनों के संग संग धर्म प्रेमी नाचते कूदते व नृत्य करते हुए व जय जय कार के उच्च स्वरों में उदघोष करती शोभा यात्रा का शुभारंभ हुआ,यह विशाल, भव्य, दिव्य धार्मिक शोभायात्रा वीर बगड़ावत बस स्टैंड से कस्बे के मुख्य बस स्टैंड चौराहे होकर मुख्य द्वार के भीतर प्रवेश कर मोती चौक,शेख मौहल्ला, आचार्य मौहल्ला,रेण गेट, श्री लक्ष्मी नारायण जी मंदिर, इमाम चौक होते हुए सब्जी मंडी ( चोहटा ) ,कोवडा बाजार से सीधे ऊपर हाथीठाण व गढ़ चौक, आजाद चौक, मिश्रा मौहल्ला, कावड़िया मौहल्ला से तिवाड़ी मौहल्ला , भैरूं बाजार, माली मौहल्ला से भैरूं दरवाजा होकर मयूर कालोनी से पुनः मुख्य बस स्टैंड चौराहे से वीर बगड़ावत बस स्टैंड होते हुए वापस अपने गंतव्य स्थान श्री कुंड वाले बालाजी मंदिर स्थान पर मध्य रात्रि के पश्चात तड़के करीब 03 बजे पहुंची।



जहां मंदिर के मुख्य पुजारी श्री गोपाल आचार्य ने महा आरती कर प्रसाद वितरण किया। शोभा यात्रा में भीलवाड़ा के प्रसिद्ध भजन गायक कलाकार श्री राघव दाधीच सहित स्थानीय भजन गायकों ने एक से बढ़कर एक संगीत मय धार्मिक भजनों की सुंदरतम प्रस्तुतियां देकर उपस्थित सभी भक्तों व श्रद्धालुओं मय धर्म प्रेमियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। कस्बे में आयोजित उक्त हनुमान जन्मोत्सव पर दो दिवसीय धार्मिक समारोह मय सम्पूर्ण धार्मिक शोभायात्रा को शांतिपूर्वक, सानन्द, सफल व हर्षोल्लास सम्पन्न करने व कराने में स्थानीय भिनाय कस्बे के सभी छोटे बड़े, किशोर, युवकों, बड़े बुजुर्ग सनातन धर्म प्रेमियों, भक्तों व श्रृद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर निस्वार्थ रूप से श्रृद्धा व आस्था पूर्वक सक्रिय व समर्पित भाव भावना से अपनी अपनी सेवाएं देकर सहभागिता निभाई। कानून व शांति व्यवस्था, अनुशासन बनाएं रखने की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस जाप्ता तैनात रहा। साथ ही प्रशासनिक दृष्टि से स्थानीय तहसीलदार एवं कार्यपालक मजिस्ट्रेट श्रीमती नीलम राठौड़,देवलिया कला के नायब तहसीलदार रमेशचन्द्र राजोरा,भू अभिलेख नीरिक्षक ( गिरदावर ) श्री चेतन सिंह मय स्थानीय पटवारी हरि राम चौधरी, आदि सरकारी कार्मिक भी सम्पूर्ण शोभायात्रा के दौरान अपनी ड्यूटी पर तैनात रहे।

# विजन इंडिया वेल फेयर सोसाइटी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर में भाग लेने पहुंचे पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट, पत्रकारों से हुए रूबरू

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा/ग्रामीण (के एम कुरेशी)।** जिले के शाहपुरा में पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट ने विजन इंडिया वेल फेयर सोसाइटी द्वारा विशाल रक्तदान शिविर में भाग लिया। पूर्व राजस्व मंत्री रामलाल जाट पत्रकारों से रूबरू होते हुए पूर्व मंत्री रामलाल जाट ने राजस्थान सरकार को संदेश देते हुए कहा है शाहपुरा जिले को पूर्ण बहाल करने को लेकर किए जा रहे आंदोलन की सराहना करते हुए कहां कि वर्तमान सरकार को जिले को तोड़ने के बजाय जोड़ने का काम करना चाहिए। इसका आशय यह है कि वे प्रशासनिक दृष्टिकोण से जिलों के विभाजन या पुनर्गठन के खिलाफ हैं और उनका मानना है कि इससे सामाजिक या क्षेत्रीय एकता पर असर पड़ सकता है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि वे संघर्ष समिति के साथ हैं, यानी वे उस जनसमूह व संघर्ष समिति के साथ हूं जिस तरह शाहपुरा सभी मापदंडों पर खरा उतरने के बाद भी ज़िले का महत्व रखता है जबकि वर्तमान में छोटा जिला डिग जैसे को रखा तो शाहपुरा तो उससे ज्यादा बड़ा है सरकार को इस तरह राजनीति ना करके क्षेत्र के विकास की सोचना चाहिए और शाहपुरा को तुरंत जिला को बहाल करना चाहिए।



# मुझ पर कभी भी धर्म बदलने का दबाव नहीं डाला

## रत्ना पाठक शाह बोलीं- नसीर का परिवार खुले विचार वाला है, मेरे पिता शादी के खिलाफ थे



नसीरुद्दीन शाह और रत्ना पाठक शाह ने साल 1982 में शादी की थी। हाल ही में रत्ना पाठक शाह ने अपनी शादी के बारे में बात की। उन्होंने बताया कि उनकी फैमिली इस रिश्ते के खिलाफ थी, जबकि नसीरुद्दीन शाह के परिवार ने कभी भी उनसे धर्म बदलने की मांग नहीं की।

एक खास बातचीत में रत्ना पाठक शाह ने बताया कि जब उन्होंने नसीरुद्दीन शाह से शादी की, तो उनके ससुराल वालों ने कभी भी उन पर धर्म बदलने का दबाव नहीं डाला। जैसी मैं हूं, उन्होंने मुझे वैसे ही अपनाया है। मेरी सास काफी ट्रेडिशनल थीं, लेकिन उनके विचार बहुत खुले थे।

रत्ना ने कहा, मेरे पिता इस शादी के खिलाफ थे। वो नहीं चाहते थे कि मेरी और नसीरुद्दीन की शादी हो। लेकिन शादी से पहले ही उनका निधन हो गया था। मुझे लगता है कि अगर वो जिंदा होते, तो बाद में मान ही जाते, क्योंकि तब तक नसीरुद्दीन अपने करियर में सफल हो चुके थे। पिता को तो बस यही फिक्र होती है कि बेटी का भविष्य सुरक्षित हो। उस वक्त मैं खुद भी कुछ कमाती नहीं थी।

मेरी मां और नसीरुद्दीन के बीच भी शुरुआत में काफी परेशानियां रहीं। उनका रिश्ता हमेशा उतार-चढ़ाव से भरा रहा। लेकिन वक्त के साथ-साथ दोनों के बीच भी रिश्ता मजबूत हो गया। धीरे-धीरे वे अच्छे दोस्त बन गए।

### पहले से शादीशुदा थे नसीर

नसीर साहब की पहली शादी परवीन मुराद (मनारा सिकरी) से हुई थी। उस दौरान नसीर 19-20 तो परवीन 36 साल की थीं। शादी के एक साल बाद जोड़ी की बेटी हीबा शाह का जन्म हुआ। जल्द ही परवीन और नसीर अलग हो गए और हीबा मां के साथ ईरान चली गई थीं।

### 13 साल छोटी रत्ना से की शादी

परवीन से अलग होने के कुछ साल बाद नसीर और रत्ना करीब आए। बिग फेट वेडिंग से उलट इस कपल ने बेहद साधारण ढंग से शादी की। 1982 में रत्ना की मां दीना पाठक के घर पर जोड़ी ने करीबियों की मौजूदगी में रजिस्ट्रर्ड मैरेज की थी। शादी के कुछ वक्त बाद नसीर की पहली पत्नी की बेटी हीबा भी इनके साथ रहने लगी। हीबा की परवरिश नसीर-रत्ना के दोनों बेटों इमाद और विवान के साथ हुई।

# गर्लफ्रेंड गौरी के साथ आमिर खान की पहली पब्लिक अपीयरेंस

## एक-दूजे का हाथ थामे फिल्म फेस्टिवल में पहुंचे, फ्लोरल साड़ी में आमिर को निहारती दिखीं गौरी



आमिर खान ने हाल ही में नई गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट के साथ पहली पब्लिक अपीयरेंस दी है। दोनों मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फिल्म फेस्टिवल में साथ पहुंचे थे। इस दौरान आमिर, गर्लफ्रेंड का हाथ थामे नजर आए।

आमिर खान ब्लैक अजकन और ब्लैक-गोल्डन शॉल ओढ़े फिल्म फेस्टिवल का हिस्सा बने हैं। जबकि उनकी गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट फ्लोरल साड़ी में इवेंट में पहुंची थीं। सामने आए वीडियो में देखा जा सकता है कि आमिर खान रेड कार्पेट पर साथ पहुंचे लोगों के साथ पोज करने से पहले गर्लफ्रेंड की तरफ हाथ बढ़ाते हैं। गौरी आमिर का हाथ थामती हैं और दोनों साथ पैपराजी को पोज करते हैं। पैपराजी को पोज करते हुए आमिर खान पूरे समय गौरी का हाथ थामे रहे। वहीं दूसरी तरफ गौरी लगातार आमिर को निहार रही थीं। बताते चलें कि चाइना के मकाऊ में हाल ही में मकाऊ इंटरनेशनल कॉमेडी फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हुआ है, जहां आमिर खान को मास्टर ह्यूमर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया।

### बर्थडे में की रिलेशनशिप की ऑफिशियल अनाउंसमेंट

14 मार्च को आमिर खान ने मीडिया के साथ अपने 60वें बर्थडे का सेलिब्रेशन किया। इस दौरान उन्होंने मीडिया को गौरी से मिलवाते हुए उनसे अपना रिलेशनशिप ऑफिशियल कर दिया। हालांकि इस समय आमिर ने मीडिया से रिक्वेस्ट की थी कि गौरी की तस्वीर न क्लिक की जाए। आमिर ने ये भी बताया है कि 12 मार्च को उन्होंने अपने घर में प्री-बर्थडे पार्टी रखी थी, जहां उन्होंने गौरी की मुलाकात सलमान खान और शाहरुख खान से भी करवाई है।

### कौन हैं आमिर की गर्लफ्रेंड गौरी स्प्रैट?

बैंगलोर से ताल्लुक रखने वालीं गौरी स्प्रैट आमिर खान के प्रोडक्शन में काम करती हैं, साथ ही वो हेयरड्रेसिंग बिजनेस भी चलाती हैं। वो और आमिर पिछले 25 सालों से एक-दूसरे को जानते हैं, हालांकि, डेढ़ साल पहले दोनों की नजदीकियां तब बढ़ीं, जब एक्टर के कजन ने उनकी मुलाकात करवाई। गौरी स्प्रैट को पहली शादी से एक 6 साल का बेटा भी है।

# सामंथा ने अपनी हेल्थ को लेकर दिया अपडेट : बोलीं इस सिचुएशन में हेल्पलेस फील करती हूं, मेरे दुश्मन को भी न हो ये बीमारी



**साउथ एक्ट्रेस सामंथा रुथ प्रभु ने हाल ही में अपनी हेल्थ को लेकर बात की। सामंथा पहले भी कई बार अपनी लाइलाज बीमारी मायोसिटिस का जिक्र कर चुकी हैं। इसी बीच उन्होंने बताया कि वह इस बीमारी का इलाज किस तरह से कर रही हैं।**

### सामंथा ने हेल्थ को लेकर दिया अपडेट

सामंथा रुथ प्रभु ने फूडफार्मर को इंटरव्यू दिया। इस दौरान एक्ट्रेस से उनकी हेल्थ के बारे में पूछा गया। इसके जवाब में सामंथा ने कहा, 'जब मुझे अपनी ऑटोइम्यून बीमारी का पता चला, तो मैं अपनी हेल्थ के साथ बहुत लापरवाह थी और बिल्कुल अकेली थी। मुझे नहीं पता था कि कहां से शुरुआत करनी है। जब आप बीमार होते हैं तो आपको एक हफ्ते के लिए दवाई मिल जाती है और आपको लगता है कि बस अब आप ठीक हो जाएंगे। क्योंकि पूरी लाइफ में हम ऐसे ही देखते हैं कि बीमारी चाहे जो भी हो, बस एक हफ्ते के लिए दवाई लेते हैं। हालांकि, अब मेरे साथ ऐसा नहीं है। यह पुरानी बीमारी है, और साथ ही यह लाइलाज है। जब मुझे बताया जाता था कि यह पूरी लाइफ ऐसे ही रहेगी, या इससे भी खराब हालत हो जाएगी। तो यह मेरे लिए ऐसा समय था जब मुझे बहुत गुस्सा आता था, मेरे सामने मेरी पूरी लाइफ थी। सब कुछ थम सा जाता है। मैं अपने आप को इस सिचुएशन में हेल्पलेस फील करती थी।'

### यह बीमारी किसी दुश्मन को भी न हो- सामंथा

सामंथा ने बताया कि जब लोगों को उनकी बीमारी के बारे में पता चला तो उनका रिएक्शन कैसा था। एक्ट्रेस ने कहा, 'जैसे ही लोगों को मेरी बीमारी के बारे में पता चला तो सभी ने सिर्फ मुझसे यही सवाल पूछा कि अब एक्टिंग का क्या होगा। तुम्हारे पास प्लान बी क्या है। मुझे लोगों के इस सवाल पर बहुत गुस्सा आता था। मैं कहती थी, मेरे पास कोई प्लान बी नहीं है, मुझे सिर्फ एक्टिंग ही करनी है। मैं यही चाहती हूं कि यह बीमारी किसी दुश्मन को भी न हो।

### आखिरी बार सिटाडेल हनी बनी में नजर आई एक्ट्रेस

सामंथा रुथ प्रभु के वर्कफ्रंट की बात करें तो वह आखिरी बार एक्शन-थ्रिलर सीरीज सिटाडेल हनी बनी में नजर आई थीं। सीरीज में सामंथा के साथ वरुण धवन मुख्य भूमिका में थे। राज और डीके के निर्देशन में बनी सीरीज में सामंथा एक जासूस की भूमिका में नजर आई थीं। सिटाडेल हनी बनी का प्रीमियर 7 नवंबर 2024 को हुआ था।



# शादी के लिए तमन्ना थीं तैयार, विजय ने दिया धोखा : विजय के साथ अपीयरेंस से थी परेशान तमन्ना, पिता से कहा- अब नहीं लगता वो है कमिटेड

तमन्ना भाटिया इन दिनों विजय वर्मा से ब्रेकअप के चलते सुर्खियों में हैं। हाल ही में सामने आया है कि तमन्ना अपना ब्रेकअप प्राइवेट रखना चाहती थीं। हालांकि फैमिली के करीबी रहे एक्टर चिरंजीवी के कहने पर उन्होंने मीडिया और फैंस तक ब्रेकअप की खबरें पहुंचाईं। साथ ही ये भी सामने आया है कि तमन्ना शादी तो करना चाहती थीं, लेकिन उन्होंने पिता से कहा था कि विजय उनके लिए कमिटेड नहीं हैं।

हाल ही में जर्नलिस्ट विक्की ललवानी ने बताया है कि चिरंजीवी ने तमन्ना भाटिया को अपना ब्रेकअप सार्वजनिक करने की सलाह दी थी। उन्होंने लिखा है, विजय वर्मा और तमन्ना भाटिया की लव स्टोरी क्यों खत्म हुई, इसकी जानकारी सामने नहीं आ सकी है।

तमन्ना भाटिया के पिता विजय वर्मा के खिलाफ थे। हालांकि उन्होंने इस बात पर रजामंदी दे दी थी कि दोनों 2024-2025 तक शादी करने वाले हैं। लेकिन जब मिस्टर भाटिया (तमन्ना के पिता) ने अपनी बेटी से पूछा कि उसने अचानक शादी पर सोचना क्यों बंद कर दिया है तो उन्होंने जवाब दिया कि अब वो विजय से शादी नहीं करना चाहती हैं।

विक्की लवलानी की रिपोर्ट में आगे लिखा है, लस्ट स्टोरी 2 एक्ट्रेस ने अपने पेरेंट्स से कहा कि अब उन्हें ऐसा नहीं लगता कि विजय उनसे कमिटेड हैं। एक्ट्रेस इस बात से भी नाराज थीं कि विजय के कहने पर उन्हें लगातार साथ में पब्लिक अपीयरेंस देनी पड़ती थी। जब पेरेंट्स ने तमन्ना से पूछा कि वो ये बात पब्लिक को कैसे बताएंगी, तो तमन्ना ने कहा कि ये बात पब्लिक तक पहुंचाने की जरुरत नहीं है।

रिपोर्ट के अनुसार, तमन्ना भाटिया के परिवार के करीबी रहे साउथ स्टार चिरंजीवी भी इस डिस्कशन में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि ये अच्छा रहेगा अगर तमन्ना अपने ब्रेकअप की खबरें मीडिया तक पहुंचाएं।

बताते चलें कि तमन्ना भाटिया ने चिरंजीवी के साथ फिल्म से रा नरसिम्हा में काम किया है। तब से ही चिरंजीवी उनके लिए गार्जियन की तरह हैं और उनके परिवार के भी क्लोज हैं।

### कमिटमेंट बना ब्रेकअप की वजह

हाल ही में कपल के करीबी ने सियासत डेली को दिए एक इंटरव्यू में बताया है कि तमन्ना और विजय के फ्यूचर पर ख्याल मेल नहीं खा रहे थे। तमन्ना जल्द ही शादी कर सेटल होना चाहती थी, हालांकि विजय फिलहाल लॉन्ग टाइम कमिटमेंट पर विचार साफ नहीं कर पा रहे थे।

### 2023 में विजय और तमन्ना ने अपने रिश्ते को किया था कंफर्म

तमन्ना भाटिया और विजय वर्मा ने 2023 में फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 की रिलीज के समय अपने रिश्ते पर ऑफिशियल मुहर लगाई थी। उनकी डेटिंग की खबरें तब उड़ीं जब दोनों को लस्ट स्टोरीज 2 की रिलीज से कुछ महीने पहले गोवा में साथ न्यू ईयर पार्टी करते हुए देखा गया था। एक इंटरव्यू में कपल ने बताया था कि लस्ट स्टोरीज 2 की शूटिंग के दौरान दोनों केवल को-स्टार थे और सेट पर एक-दूसरे से प्रोफेशनल तरीके से पेश आते थे। शूटिंग खत्म होने के बाद विजय ने तमन्ना से डेट पर चलने को कहा और धीरे-धीरे दोनों करीब आ गए। इस रिलेशनशिप को तमन्ना ने जून 2023 में एक इंटरव्यू में ऑफिशियली कन्फर्म किया था। उन्होंने कहा था कि विजय ने उन्हें बिना किसी एटीट्यूड के अप्रोच किया और उनके साथ बहुत अच्छा महसूस होता है। वह उनकी बहुत परवाह करती हैं।

### कभी विजय ने कहा था हमारे पास 5 हजार से ज्यादा तस्वीरें हैं

रिलेशनशिप ऑफिशियल करने के बाद विजय वर्मा ने शुभांकर मिश्रा के पॉडकास्ट में कहा था कि अगर हम एक दूसरे को पसंद करते हैं तो हमें रिश्ता छिपाने की जरुरत नहीं है। हमारे पास एक-दूसरे के साथ 5 हजार तस्वीरें हैं, लेकिन ये सिर्फ हम दोनों के लिए हैं, दुनिया इन्हें नहीं देख सकती।

# सर्जरी पर ट्रोल करने वालों को मौनी रॉय का जवाब

## कहा- ट्रोल करने से खुशी मिलती है तो करो, माथे का बदला लुक देख उड़ा मजाक



फिल्म भूतनी के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में मौनी रॉय संजय दत्त के साथ पहुंची थीं। इवेंट की तस्वीरें सामने आने के बाद मौनी को उनके बदले या कहें तो बिगड़े हुए लुक के चलते जमकर ट्रोल किया जा रहा था। ट्रोलर्स लगातार सर्जरी बिगड़ने की बात कहते हुए उन्हें ट्रोल करने लगे। लगातार होती ट्रोलिंग के बीच अब मौनी रॉय ने ट्रोलर्स को जवाब दिया है।

एक्ट्रेस मौनी रॉय ने हाल ही बॉम्बे फैशन वीक में ब्लैक लहंगा पहनकर वॉक की थी। वॉक के बाद मौनी रॉय से लगातार हो रही ट्रोलिंग पर सवाल किए गए। इसके जवाब में एक्ट्रेस ने कहा, कुछ नहीं। मैं देखती ही नहीं। अगर आप अपनी सोशल मीडिया स्क्रीन के पीछे बैठकर ट्रोलिंग कर रहे हो और उससे आपको खुशी मिलती है तो करते रहिए।

मौनी के रिएक्शन के बावजूद लोग उन्हें ट्रोल करने से नहीं रुक रहे। एक यूजर ने वीडियो में लिखा, माथे का बोटोक्स बिगड़ गया, छिपाने के लिए इतनी बड़ी बिंदिया पट्टी। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा, आज उन्होंने अपना माथा छिपाने के लिए बड़ा सा मांग टीका पहना है। बताते चलें कि मौनी रॉय की भूतनी ट्रेलर लॉन्च से कई तस्वीरें और वीडियोज सामने आए थे। इस समय हर किसी का ध्यान उनके फेशियल एक्सप्रेशन पर थे। उनके माथे पर सिलवटे नजर आ रही थीं, जिन्हें देखकर उनकी शक्ल रोने वाली लग रही थी। यही वजह थी कि उन्हें ट्रोल किया जाने लगा।

फिल्म भूतनी 18 अप्रैल को रिलीज होगी। इसमें मौनी रॉय के अलावा संजय दत्त, सनी सिंह, पलक तिवारी भी अहम रोल में हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, फिल्म को 37 करोड़ की लागत से बनाया गया है।

# दुनिया को सतर्क करने वाले Crime Patrol के Anup Soni खुद को नहीं कर सके थे सतर्क? पत्नी संग कर दिया था ऐसा अपराध, अभी तक नहीं मिली उसकी सजा!!

अनूप सोनी नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा से स्नातक हैं। सोनी के करियर की शुरुआत बालिका वधू, सीआईडी ??और क्राइम पेट्रोल जैसे लोकप्रिय टीवी शो में उल्लेखनीय भूमिकाओं से हुई, जिसमें उन्होंने अपनी अभिनय क्षमता और बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। अनूप सोनी ने कई शो और फिल्मों में कुछ बेहतरीन भूमिकाएँ निभाई हैं जिनमें रात बाकी है, खाली पीली, मिर्ग, क्लास ऑफ़ 83 और अन्य शामिल हैं। उन्होंने अजय देवगन, करीना कपूर और अनन्या पांडे सहित कई लोकप्रिय सितारों के साथ काम किया है। अनूप सोनी अपने लोकप्रिय क्राइम शो से घर-घर में मशहूर हो गए।

शो में उनका शालीन लुक और प्रभावशाली भाषण लोगों का दिल जीत लेता है। हालांकि, पेशेवर उतार-चढ़ाव के अलावा अनूप की निजी ज़िंदगी में भी तब बदलाव आया जब उन्हें अपनी पहली शादी रितु सोनी से हुई, जिनसे उन्होंने 1999 में शादी की और उनसे उनकी दो बेटियाँ हैं।

कुछ सालों की खूबसूरत शादीशुदा ज़िंदगी के बाद, पत्नी रितु ने अपने पति के व्यवहार में सूक्ष्म बदलाव देखे, जिससे उन्हें अपने रिश्ते में तनाव का एहसास हुआ। कुछ रिपोर्टों के अनुसार, रितु ने अपने पति से तनाव के बारे में खुलकर बात की और उनके जवाब ने उन्हें अंदर से हिला दिया। अनूप ने कबूल किया कि वह जूही बब्बर के साथ कई वीकेंड बिता रहे थे। एक पुराने इंटरव्यू में रितु ने खुलासा किया, हाँ, मेरे साथ गलत हुआ है। जूही के साथ मेरे पति की नज़दीकियों ने मेरे जीवन में समस्याएँ पैदा कीं। लेकिन अगर यही नियति है, तो मैं अनूप और जूही को जीवन में शुभकामनाएँ देती हूँ। मैं अपनी बेटियों के लिए सम्मान के साथ एक खुशहाल भविष्य को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करना चाहती हूँ। जूही बब्बर, एक प्रतिभाशाली अभिनेत्री और प्रसिद्ध अभिनेता राज बब्बर की बेटी, अपने भावी पति से एक थिएटर नाटक के सेट पर मिलीं, जहाँ वे तुरंत एक-दूसरे से जुड़ गए। इस जोड़े ने 2011 में शादी की और अपने बेटे के साथ खुशहाल जीवन जी रहे हैं।

जूही बब्बर राज बब्बर और नादिरा बब्बर की बेटी हैं। जूही अब मुख्य रूप से थिएटर से जुड़ी हैं और वहां बहुत अच्छा प्रदर्शन कर रही हैं। उनकी मुलाकात उनके अब पति अनूप सोनी से एक नाटक के दौरान हुई थी।

# Celebrity MasterChef विजेता Gaurav Khanna की प्राइज मनी Tejasswi Prakash की कुल कमाई से तीन गुना कम है



टीवी अभिनेता गौरव खन्ना को सोनी टीवी के सेलिब्रिटी मास्टरशेफ के पहले सीजन का विजेता घोषित किया गया है। निक्की तंबोली दूसरे और तेजस्वी प्रकाश तीसरे स्थान पर रहीं। शुक्रवार के फिनाले एपिसोड के दौरान गौरव ने ट्रॉफी उठाई और इसे एक अवास्तविक एहसास बताया।

गौरव खन्ना ने अपनी बड़ी जीत पर खुशी जताते हुए कहा, सेलिब्रिटी मास्टरशेफ जीतना बिल्कुल अवास्तविक लगता है। इस शो ने मुझे पूरी तरह से मेरे कम्फर्ट जोन से बाहर निकाल दिया। सेलिब्रिटी मास्टरशेफ का हिस्सा बनना एक बहुत बड़ा सम्मान है, खासकर मिशेलिन-स्टार वाले जीनियस शेफ विकास खन्ना और अपने हुनर के सच्चे उस्ताद शेफ रणवीर बरार जैसे दिग्गजों के साथ खड़े होना - दोनों ने हमें बहुत ही शालीनता से मार्गदर्शन और चुनौती दी। और निश्चित रूप से, हमेशा प्रेरणा देने वाली फराह खान, जिनकी ऊर्जा और प्रोत्साहन ने हमें आगे बढ़ाया। उनके सामने खाना बनाना बहुत मुश्किल था - हर एक दिन एक नई चुनौती लेकर आता था जिसने मुझे और गहराई से सोचने और अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित किया।

सेलिब्रिटी मास्टरशेफ खत्म हो गया है और प्रशंसक नाखुश हैं। यह पहला सीजन था जिसमें सेलिब्रिटी अपनी पाक कला का प्रदर्शन कर रहे थे। गौरव खन्ना शो के विजेता हैं। निक्की तंबोली पहली रनर-अप रहीं, जबकि तेजस्वी प्रकाश शो की दूसरी रनर-अप रहीं।

फैजल शेख उर्फ मिस्टर फैजू और राजीव अदातिया भी शीर्ष पांच में शामिल रहे। उनके अलावा, हमने दीपिका कक्कड़, अर्चना गौतम, उषा नाडकर्णी, कबिता सिंह, अभिजीत सावंत, आयशा जुल्का और चंदन प्रभाकर को प्रतियोगियों के रूप में देखा। ग्रैंड फिनाले एपिसोड को दर्शकों ने खूब पसंद किया। गौरव ने अपनी पाक कला से सभी को प्रभावित किया। उनकी प्रस्तुति कौशल भी शानदार थी।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# वक्फ संशोधन कानून का सुप्रीम कोर्ट में बचाव करेगी भजनलाल सरकार

## पक्षकार बनने के लिए मांगी अनुमति, कहा-प्रदेश में भी वक्फ सैकड़ो एकड़ भूमि पर दावा करता है

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** वक्फ संशोधन अधिनियम 2025 की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई होनी है। इससे पहले भजनलाल सरकार ने इन याचिकाओं में पक्षकार बनने की अनुमति मांगी है।

राजस्थान सरकार का कहना है कि वह वक्फ कानून में हुए ऐतिहासिक सुधारों का बचाव करना चाहती है, क्योंकि प्रदेश में भी सैकड़ों एकड़ भूमि ऐसी है, जिस पर वक्फ अपना दावा करता है। सरकार ने कहा- इस कानून का उद्देश्य सरकारी और निजी भूमि को मनमाने ढंग से वक्फ संपत्ति घोषित करने की प्रवृत्ति पर रोक लगाना है।

**आपत्ति दर्ज कराने की व्यवस्था अनिवार्य की गई**-संशोधन के बाद किसी भूमि को वक्फ के रूप में सूचीबद्ध करने से पहले 90 दिन का सार्वजनिक नोटिस और आपत्ति दर्ज कराने की व्यवस्था अनिवार्य की गई है। इससे प्रक्रिया की निष्पक्षता बनी रहे और प्रभावित पक्षों के अधिकार सुरक्षित रहें।

**संशोधन धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन नहीं करता**-सुप्रीम कोर्ट में अतिरिक्त महाधिवक्ता शिवमंगल शर्मा ने बताया- सरकार ने राज्य के हितों की रक्षा और धार्मिक न्यासीय संपत्तियों के कानूनी और न्यायसंगत संचालन के पक्षकार बनने



का प्रार्थना पत्र दायर किया है। क्योंकि सरकार का मानना है कि वक्फ कानून में संशोधन पारदर्शी और संविधान सम्मत सुधार है।

# वक्फ कानून पर बंगाल में हिंसा:धुलियान से 500 लोगों का पलायन


बढ़ता राजस्थान

**मुर्शिदाबाद ( एजेंसी )।** वक्फ कानून के विरोध में शनिवार को पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद, नॉर्थ 24 परगना, हुगली और मालदा जिलों में हिंसक विरोध प्रदर्शन हुए। वाहनों को आग लगाई और दुकानों-घरों में तोड़फोड़ कर लूट भी की गई। अबतक 3 लोगों की मौत हो चुकी है। 15 पुलिसकर्मी घायल हैं। 150 लोग गिरफ्तार किए गए हैं। केंद्र सरकार ने पश्चिम बंगाल के हिंसाग्रस्त इलाकों में 1600 जवान तैनात किए हैं। 300 के करीब बीएसएफ जवान हैं। कुल 21 कंपनियां की तैनात की गई हैं। हिंसाग्रस्त वाले इलाकों में इंटरनेट बैन है। धारा 144 भी लागू है। राज्य में वक्फ कानून के विरोध में 10 अप्रैल से हिंसा जारी है। इधर, मुर्शिदाबाद के धुलियान से करीब 500 लोग पलायन कर गए हैं। इन सभी ने नदी पार मालदा के वैष्णवनगर में एक स्कूल में शरण ली है। इन लोगों का आरोप है कि उनके घरों में तोड़फोड़-आगजनी की गई। पीने के पानी में जहर मिला दिया गया है। ये किसी तरह बीएसएफ की मदद से वहां से बचकर आए हैं। नए वक्फ कानून को लेकर दिल्ली में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यकारी समिति ने एक बैठक की।

# अमेरिकी सरकार का विदेशी नागरिकों को अल्टीमेटम

## 30 दिन से ज्यादा रहना है तो रजिस्ट्रेशन कराओ, नहीं तो जुर्माना और जेल दोनों होगी

बढ़ता राजस्थान



**वॉशिंगटन।** अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (होम लैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट) ने वहां रहने वाले विदेशी नागरिकों को अल्टीमेटम दिया है। डिपार्टमेंट ने 30 दिनों से ज्यादा समय से अमेरिका में रह रहे विदेशी नागरिकों को सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराने के लिए कहा है। अगर इन लोगों ने ऐसा नहीं किया तो उनको जुर्माना और जेल दोनों हो सकती है। डिपार्टमेंट ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट की सेक्रेटरी क्रिस्टी नोएम को टैग करते हुए ट्वीटर पर लिखा-अमेरिका में 30 दिनों से ज्यादा समय तक रहने वाले विदेशी नागरिकों को फेडरल सरकार के पास रजिस्ट्रेशन कराना होगा। इसका पालन न करना एक अपराध है, जिसके लिए जुर्माना और जेल दोनों हो सकते हैं। राष्ट्पति ट्रम्प का अवैध विदेशियों के लिए साफ मैसेज है-तुरंत निकल जाओ और सेल्फ डिपोर्ट।

सेल्फ डिपोर्ट करो, यूएस में कमाया पैसा अपने पास रखो-होमलैंड सिक्योरिटी डिपार्टमेंट ने अवैध विदेशियों को संदेश हेडलाइन से एक पोस्ट में अधिकारियों की मंजूरी के बिना रह रहे विदेशी नागरिकों से खुद को सेल्फ डिपोर्ट करने के लिए कहा है। इसमें ऐसा करने से होने वाले फायदों की लिस्ट भी दी गई है।

पोस्ट में कहा गया है, सेल्फ डिपोर्ट सुरक्षित है। अपनी सुविधा के मुताबिक फ्लाइट चुनकर निकलें। अगर आप गैर-आपराधिक अवैध विदेशी के तौर पर सेल्फ डिपोर्ट कर रहे हैं, तो अमेरिका में कमाए धन को अपने पास रखें। पोस्ट में यह भी कहा गया है कि सेल्फ डिपोर्ट से भविष्य में वैध तरीके से अमेरिका आने के लिए मौके खुले रहेंगे।

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 134वां जयंती समारोह

# आरआईसी में होगा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग का राज्य स्तरीय समारोह

## मुख्यमंत्री उपस्थिति में होंगे विभिन्न कार्यक्रम



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा 14 अप्रैल (सोमवार) को भारत रत्न बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर का 134वां जयंती समारोह राजस्थान इंटरनेशनल सेन्टर (आरआईसी) में आयोजित किया जाएगा। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने बताया कि इस अवसर पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, मुख्य सचेतक श्री जोगेश्वर गर्ग, संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, राज्यसभा सांसद मदन राठौड, सांसद श्रीमती मंजू शर्मा, विधायकगण एवं जनप्रतिनिधिगणों की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। इससे पहले मुख्यमंत्री अम्बेडकर सर्किल स्थित बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण भी करेंगे।

श्री गहलोत ने बताया कि आरआईसी में होने वाले कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा मस्कुलर डिस्ट्रोफी से पीडित लाभार्थियों को इलेक्ट्रिक पावर व्हील चेयर एवं स्वच्छकारों को सेफ्टी किट भी वितरण करेंगे। साथ ही अम्बेडकर शिक्षा, अम्बेडकर सामाजिक सेवा और अम्बेडकर महिला कल्याण पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

# आतिशी का आरोप- दिल्ली सीएम के पति चला रहे सरकार

## पूछा- क्या रेखा काम नहीं संभाल सकतीं; बीजेपी बोली- पत्नी का साथ देना सामान्य बात

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** दिल्ली की पूर्व मुख्यमंत्री और आप नेता आतिशी ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर आरोप लगाया कि उनके पति सरकार चला रहे हैं। आतिशी ने ट्वीटर पर फोटो शेयर कर लिखा- इन फोटो को ध्यान से देखिए। जो व्यक्ति एमसीडी, डीजेबी, पीडब्ल्यूडी और डीयूएसआईबी के अफसरों की मीटिंग ले रहे हैं, यह दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के पति मनीष गुप्ता हैं। आतिशी ने दिल्ली में हो रहें पावर कट और बढ़ती स्कूल फीस को लेकर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा- क्या रेखा गुप्ता को काम संभालना नहीं आता? इसी वजह से दिल्ली में रोज लंबे-लंबे पावर कट हो रहे हैं? प्राइवेट स्कूलों की फीस बढ़ रही है? वहीं, इसके जवाब में दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने आतिशी पर अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगाया। सचदेवा ने कहा कि किसी भी पति का अपनी पत्नी को समर्थन करना सामान्य बात है। ट्वीटर पर सचदेवा ने लिखा - मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प से इस पद तक पहुंची हैं और यह बिल्कुल सामान्य बात है कि परिवार के सदस्य उनका समर्थन कर रहें हैं।


**आतिशी बोलीं- मुख्यमंत्री पति का सरकार चलाना बेहद खतरनाक**-आतिशी ने कहा - हम पहले सुनते थे कि अगर गांव में महिला सरपंच चुन कर आती थी, तो सारा सरकारी काम उसका पति संभालता था। ऐसा माना जाता था कि गांव की महिलाओं को सरकारी काम संभालना नहीं आता, इसलिए काम 'सरपंच-पति' संभालेंगे। इस प्रथा का विरोध हुआ, महिला सरपंचों को ट्रेनिंग देने की शुरुआत हुई कि वे अपनी जिम्मेदारी संभाल सकें। देश के इतिहास में यह पहली बार हुआ होगा कि एक महिला मुख्यमंत्री बनी और सारा सरकारी काम उनके पति संभाल रहे हैं।

# राजस्थान में ओले गिरे, जयपुर सहित कई जिलों में बारिश

## फिर तेज होगी गर्मी, लू चलेगी; 45 के पार जाएगा पारा

**जयपुर।** जयपुर सहित तमाम जिलों में शनिवार रात हुई बारिश और ओले गिरने के बाद पारा गिर गया था। इससे लोगों को गर्मी से राहत मिली थी। रविवार को एक बार फिर गर्मी परेशान करने लगी है। मौसम विभाग ने हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है। बाड़मेर और जैसलमेर का पारा फिर से 45 के पार पहुंचने की आशंका जताई गई है। मौसम विशेषज्ञों ने राज्य में रविवार से मौसम ड्राय रहने और गर्मी के तेज होने का अनुमान जताया है। मौसम केन्द्र जयपुर ने सोमवार को बाड़मेर-जैसलमेर जिलों में हीट वेव चलने का येलो अलर्ट, जबकि 16 अप्रैल का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जैसलमेर में पिछले दिनों यहां का तापमान 45 के पार पहुंच गया था। वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के सक्रिय होने से तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक आ गया था। आज फिर से गर्मी बढ़ गई है। धूप काफी तेज है। मौसम विभाग ने जैसलमेर में सोमवार से एक बार फिर हीट वेव की चेतावनी जारी की है।

**मौसम में बदलाव से तापमान गिरा**-शनिवार रात जयपुर, दौसा, सीकर, अलवर, सवाई माधोपुर, चित्तौड़गढ़, भरतपुर, जोधपुर जिले में आंधी चली और कई जगह बिजली चमकने के बाद बारिश शुरू हुई। जयपुर में कई जगह तूफानी बारिश हुई और शाहपुरा के एरिया में ओले गिरे। जयपुर जिले में सबसे ज्यादा बरसात सांभर एरिया में 9रूरूदर्ज हुई। मौसम के इस बदलाव से जयपुर में बीती रात न्यूनतम तापमान 21.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यहां भी हुई बारिश-दौसा जिले के बसवा में 5, बांदीकुई में 6, सिकराय में 9, लालसोट में 5 जबकि शेष जगहों पर 3 से 1रूरूबरसात दर्ज हुई। जोधपुर के भोपालगढ़ 6, भरतपुर के उच्चैन में 3, भरतपुर शहर में 7, सवाई माधोपुर शहर में 2, गंगापुर सिटी में 14, मलारना डूंगर में 10, खंडार में 15, बामनवास में 16, तलवाड़ा में 12 और बौंली में 14एमएम बरसात दर्ज हुई।




स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक ( राज. ) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक ( राज. ) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर ( राज. ) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार ( सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा )